

तिथि-चैत्र, शुक्ल, त्र्योदशी

सोना - 92,125

शेयर मार्केट- 73,847

चांदी- 93,000

निफ्टी- 22,399

अधिकतम -37 °c
न्यूनतम -22 °c


लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-136 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, गुरुवार 10 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये


## भौतिक, दैवीय और आध्यात्मिक दुखों से मुक्ति दिलाता है नवकार महामंत्र : योगी

### लखनऊ में आयोजित 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुये योगी



- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' पर 'वन वर्ल्ड वन चैण्ट' कार्यक्रम का किया उद्घाटन
- मुख्यमंत्री ने भगवान महावीर की जयन्ती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं





चर्चित राजनीति। ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली में 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' पर 'वन वर्ल्ड वन चैण्ट' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां संगीत नाटक अकादमी में आयोजित 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भगवान महावीर जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं, यह हमारी आस्था का केन्द्र और हमारे जीवन का मूल स्वर है। इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है। यह स्वयं से लेकर समाज तक सभी को राह दिखाता है।

इस मंत्र का प्रत्येक पद, प्रत्येक अक्षर अपने आप में एक मंत्र है। हम सभी नवकार मंत्र बोलते हैं, तो पंच परमेष्ठी को नमन करते हैं। नवकार महामंत्र पंच परमेष्ठी की वंदना के साथ ही सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र है। सबसे ऊपर मोक्ष की ओर ले जाने वाला मार्ग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मंत्र हमें याद दिलाता है कि ज्ञान और कर्म ही जीवन की दिशा है, गुरु ही प्रकाश है, मार्ग वही है जो भीतर से निकलता है। नवकार महामंत्र कहता है कि स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुश्मन बाहर नहीं, दुश्मन भीतर है। नकारात्मक सोच, अविश्वास, वैमनस्य, स्वार्थ ही वह शत्रु है, जिन्हें जीतना ही असली विजय है। जैन धर्म हमें बाहरी दुनिया ही नहीं, खुद को जीतने की प्रेरणा देता है। जब हम खुद को जीतते हैं, तब अरिहन्त बनते हैं। नवकार महामंत्र एक ऐसा मार्ग है, जो इंसान को भीतर से शुद्ध करता है। एक इंसान को सौहार्द की राह दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र सही मायने में मानव ध्यान साधना और आत्म शुद्धि का मंत्र है। नवकार महामंत्र विकसित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है।

विकसित भारत अर्थात विकास भी और विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं, जो ऊंचाई छुएगा लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा। विकसित भारत अपनी संस्कृति पर गौरव की अनुभूति करेगा। इसलिए हम अपने तीर्थंकरों की शिक्षाओं को सहेजते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैन धर्म का साहित्य भारत के बौद्धिक वैभव की रीढ़ है। इस ज्ञान को समझना हमारा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## भारत की पहचान स्थापित करने में 'जैन' धर्म की अहम भूमिका

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उनका मानना है कि जैन धर्म के मूल्यों ने भारतीय समाज को एक दिशा दी और देश की सांस्कृतिक धारा को आकार दिया।

प्रधानमंत्री ने यह बातें नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों और उनकी शिक्षाओं को वैश्विक दृष्टिकोण से समझने की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने जैन धर्म की महानता और इसके सिद्धांतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों को न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक अमूल्य धरोहर बताया और सरकार के द्वारा इस धर्म की विरासत के संरक्षण के प्रयासों को भी साझा किया। साथ ही, उन्होंने देशवासियों से समाज की भलाई के लिए नौ प्रतिज्ञाएं लेने की अपील की, जिससे राष्ट्र के विकास और शांति की दिशा में योगदान किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत, विशेष रूप से इसके मूल्य, आज की वैश्विक चुनौतियों के समाधान के रूप में सहायक हो सकते



- पीएम मोदी ने 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में जैन धर्म के योगदान की सराहना की

हैं। उन्होंने आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण जैसी समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि जैन धर्म में शांति, सद्भाव और अहिंसा के सिद्धांतों को बड़े पैमाने पर अपनाने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि जैन धर्म के शिक्षाएं हमें सद्भावपूर्ण और अहिंसक दुनिया की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। प्रधानमंत्री ने जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांत अनेकांतवाद का उल्लेख किया, जो इस धर्म में विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया को इस सिद्धांत की जरूरत है क्योंकि यह विभिन्न विचारों और दृष्टिकोणों के प्रति सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देता है। उनका मानना था कि यह सिद्धांत समाज में समरसता और सामंजस्य का प्रतीक है और इससे पूरी दुनिया में शांति स्थापित करने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जैन धर्म के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस धर्म में जीवन की पारस्परिक निर्भरता को विशेष महत्व दिया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने यह भी बताया कि जैन धर्म में मामूली हिंसा को भी अनुशासन के खिलाफ माना जाता है, और इसका उद्देश्य शांति और सद्भाव बनाए रखना है। मोदी ने यह भी कहा कि जैन धर्म का दृष्टिकोण पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे अच्छा सबक है, क्योंकि यह हमें सभी जीवन रूपों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की ओर प्रेरित करता है।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यह भी कहा कि उनकी सरकार जैन धर्म की प्राचीन विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह बताया कि सरकार जैन धर्म के ग्रंथों का डिजिटलीकरण कर रही है और पाली व प्राकृत भाषाओं को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की हालिया योजना भी बनाई गई है। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने कहा कि जैन साहित्य भारत (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ बिल : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को स्पष्ट किया कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। वह कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। ममता बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यक समुदाय और उनकी संपत्ति की पूरी सुरक्षा करेंगी। ममता बनर्जी ने कहा, मुझे पता है कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप सभी परेशान हैं। आप सभी को विश्वास दिलाती हूं, बंगाल में ऐसा कुछ भी नहीं होगा जो किसी के बीच में मतभेद पैदा करे और राज्य को विभाजित करे।ष् उन्होंने आगे कहा, आप बांग्लादेश की स्थिति को देखिए। वक्फ विधेयक को अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। बता दें कि वक्फ (संशोधन) विधेयक बृहस्पतिवार को लोकसभा में पारित किया गया था। इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों में लंबी बहस के बाद शुक्रवार को राज्यसभा से भी मंजूरी मिल गई। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी।

### सड़क हादसे में चार की मौत

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र में नए यमुना पुल के पास निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस के पास एक ट्रक की चपेट में आने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक मजदूर और तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबितक नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी मिशन चौराहे के समीप निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस में बुधवार भोर में एक डंपर पर बालू लाद कर उतारने के लिए चालक लेकर पहुंचा हुआ था। कुछ लोग निर्माणाधीन पावर हाउस की जमीन पर अंधेरे में सो रहे थे। चालक द्वारा डंपर बैक करते समय सो रहे सभी के ऊपर से गुजर गई। जिससे मौके पर ही शंकरगढ़ के रहने वाले छोटे लाल (40) (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मोदी सरकार ने पंजाब, हरियाणा समेत आंध्र व तमिलनाडु को दी बड़ी सौगात

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें जीरकपुर बाईपास निर्माण, रेलवे लाइन का दोहरीकरण और जल प्रबंधन योजना का आधुनिकीकरण शामिल हैं।

ये परियोजनाएँ राज्य की यातायात सुविधाओं को सुधारने, जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हैं।

**जीरकपुर बाईपास निर्माण को मंजूरी :** कैबिनेट ने पंजाब और हरियाणा में जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी है। यह बाईपास 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और इसकी लंबाई 19.2 किलोमीटर होगी। इसका मुख्य उद्देश्य यातायात की भीड़-भाड़ को कम करना और हिमाचल प्रदेश को सीधे कनेक्टिविटी देना है। इससे पटियाला, मोहाली और दिल्ली से आने-जाने वाले यात्री आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

**रेल लाइन दोहरीकरण पर फैसला :** कैबिनेट ने तिरुपति पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण को भी मंजूरी दी। यह परियोजना आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु



में 104 किलोमीटर के क्षेत्र में लागू होगी, जिसकी कुल लागत 1332 करोड़ रुपये होगी। इसके जरिए करीब 400 गांवों और 14 लाख लोगों को रेलवे कनेक्टिविटी मिल सकेगी, जिससे धार्मिक और पर्यटन स्थलों के लिए यात्रियों की आवाजाही में सुधार होगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन के सुधार के लिए कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी गई। इसके लिए 1600 करोड़ रुपये का आरंभिक बजट रखा गया है, जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना है। बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने 16 जनवरी को हुई मीटिंग में आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी थी। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के

- कैबिनेट से कई परियोजनाएं मंजूर

बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा- सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी। 7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और पेंशन बढ़ेगी। इसके अलावा वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर में तीसरा लॉन्च पैड बनाएगी। यह 3985 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस फैसले से न्यू जेनरेशन लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यहां से चंद्रयान और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन लॉन्च हुए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 85 केंद्रीय विद्यालय, 28 नवोदय विद्यालय और दिल्ली मेट्रो के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर के कंस्ट्रक्शन को मंजूरी दी गई।

## व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है भारत : जयशंकर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क का प्रभाव फिलहाल ज्ञात नहीं है और इस स्थिति से निपटने के लिए नयी दिल्ली की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना है। शुल्क को लेकर अमेरिकी नीति पर पहली विस्तृत प्रतिक्रिया के तहत जयशंकर ने कहा कि भारत शायद एकमात्र देश है जो ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद वाशिंगटन के साथ व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने के लिए समझ कायम करने के स्तर तक पहुंच गया है। विदेश मंत्री ने भारत समेत लगभग पांच देशों के खिलाफ व्यापक शुल्क लागू होने के कुछ घंटों बाद यह टिप्पणी की है। इससे बड़े पैमाने पर व्यापार व्यवधान और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका पैदा हो गई। भारत उन देशों में से एक है, जिन्होंने इस मामले पर प्रतिक्रिया देने में सतर्क रुख अपनाया है। भारत ने कहा कि वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, हमने तय किया कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जल्द ही बातचीत करेंगे। हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि इस साल के अंत (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कांग्रेस की बैठक में पी चिदम्बरम हुए बेहोश

चर्चित राजनीति। एजेंसी

- पीएम मोदी ने स्वास्थ्य मंत्री को 'उत्तम चिकित्सा' मुहैया कराने का दिया निर्देश

**नयी दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद के साबरमती आश्रम में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम की अचानक सेहत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

फिलहाल, कांग्रेस नेता चिदंबरम पूरी तरह से ठीक हैं। इसकी जानकारी खुद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी। दरअसल, अहमदाबाद के जाइडस अस्पताल में कांग्रेस नेता चिदंबरम से गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मुलाकात की और उनका हालचाल भी जाना। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कांग्रेस नेता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। जानकारी के मुताबिक, गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री का अस्पताल का दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर हुआ था। बताया जा रहा है कि जैसे ही पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बीमार होने की खबर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंची, प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की और उनके लिए बेहतर संभव उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल से संपर्क किया। इसके बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से अस्पताल में जाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। इससे पहले मंगलवार को पी चिदंबरम समेत कांग्रेस के कई नेता साबरमती आश्रम में प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे थे। इसी दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अचानक बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद कांग्रेस नेता चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी हेल्थ अपडेट की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, अत्यधिक गर्मी के कारण मुझे दिक्कत का सामना करना पड़ा। सभी रिपोर्ट सामान्य हैं। मैं अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। आप सभी का धन्यवाद। इससे पहले कार्ति चिदंबरम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके बताया था कि उनके पिता ठीक हैं और डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे हैं। कार्ति चिदंबरम ने एक्स (शेष पृष्ठ 7 पर)

## हत्यारोपी के घर चला बुलडोजर, एनकाउंटर में 2 आरोपियों को गोली मारी

**फतेहपुर, चसं।** जिले में ट्रिपल मर्डर केस में बुलडोजर एक्शन हुआ है। प्रशासन ने आरोपियों के घर के बाहर बनी कोठरी को ढहा दिया है। दोपहर 1 बजे प्रशासन बुलडोजर लेकर पहुंचा। आसपास के एरिया को सील कर दिया, फिर 200 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बुलडोजर चला। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया- कच्ची कोठरी को गिराकर जिला प्रशासन आरोपियों का साथ दे रहा है। वहीं डीएम के आश्वासन के बाद शवों के अंतिम संस्कार को लेकर सहमति बन चुकी है। परिजन अंतिम संस्कार करने जा रहे हैं। पूरा मामला जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर हथगाम थाना के अखरी गांव का है। यहां मंगलवार को भाकियू के जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह (50), उनके बेटे अभय (22) और भाई पिंकू सिंह (45) की हत्या कर दी गई थी। बुधवार सुबह पुलिस ने दो आरोपियों पीयूष सिंह (36) और सज्जन सिंह (38) को पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। मामले में दो आरोपी सुरेश और भूपेंद्र ने मंगलवार को ही सरेंडर कर दिया था। यानी अब तक 4 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अखरी गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार उर्फमुन्नू सिंह (शेष पृष्ठ 7 पर)

## प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने योगी से की शिष्टाचार भेंट



**लखनऊ, चसं।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने (शेष पृष्ठ 7 पर)


### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज की

## तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण : मोदी सरकार की बड़ी सफलता


चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा की भारत वापसी को लेकर चर्चा तेज है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राणा के प्रत्यर्पण को लेकर बयान दिया है। उन्होने इसे मोदी सरकार की बड़ी सफलता बताया है।

शाह ने कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का प्रत्यर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी कूटनीतिक सफलता है। बता दें कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के फैसले के खिलाफ



उसकी याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद उसे जल्द ही अमेरिका से भारत लाने की उम्मीद है। एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान अमित शाह ने कहा कि तहव्वुर राणा का



प्रत्यर्पण मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक सफलता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जो लोग भारत के सम्मान, भूमि और लोगों पर हमले करते हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाए। साथ ही गृह मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साध। उन्होंने कहा कि 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के समय जो लोग सत्ता में थे, वे राणा को भारत लाकर मुकदमे का सामना नहीं करवा सके। इससे पहले आज ही मुबई 2008 के आतंकी हमलों में बलिदानी एसआरपीएफ कांस्टेबल राहुल शिंदे के पिता सुभाष शिंदे ने बुधवार को आरोपी तहव्वुर राणा के लिए मृत्युदंड की मांग की। उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद से उनके परिवार ने मानसिक रूप से बहुत संघर्ष किया है और राणा को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सुभाष शिंदे ने यह भी कहा कि उन हमलों में मारे गए 166 लोगों और पुलिस अधिकारियों के लिए राणा को मृत्यूदंड की सजा देना एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बता दें कि पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को को जल्द ही अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, राणा ने अमेरिका में सभी कानूनी विकल्पों का उपयोग कर लिया है और उसे भारत भेजे जाने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। भारत के कई एजेंसियों की टीम अमेरिका में मौजूद है, जो राणा के प्रत्यर्पण को सुनिश्चित करने में मदद कर रही है, जिससे संभव है कि 26/11 मुंबई हमलों का आरोपी राणा जल्द ही भारत भेजा जाएगा और उसे यहां कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। बता दें कि मुंबई (शेष पृष्ठ 7 पर)

# भाजपा कार्यकर्ता की सर्वोच्च प्राथमिकता है राष्ट्र प्रथम और जन सेवा : भूपेंद्र चौधरी




चर्चित राजनीति। अमित चौधरी



- भाजपा सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

**बछरावां/रायबरेली।** भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी 177 सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र बछरावां के सक्रिय सदस्य सम्मान समारोह बुधवार को बछरावां नगर पंचायत कार्यालय में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और बलिदान से भाजपा की पहचान विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में बनी है। उन्होंने राम नवमी और पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की सर्वोच्च प्राथमिकता राष्ट्र प्रथम और जन सेवा की है। हमारी पार्टी का गठन जिन उद्देश्यों और संकल्पों के साथ हुआ था, उन्हें पूरा करने के लिए पार्टी ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को खत्म करना हो या अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, हमने अपने संकल्प पूरे किए हैं। जनता से किए वादों को पूरा करने से हम पीछे नहीं हटे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा के अनुरूप राष्ट्र सेवा व जनसेवा में अपनी भूमिका सदा निभाते रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने की।भारतीय जनता पार्टी के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की वर्ष 1980 में स्थापना हुई। आज 45 साल बाद पार्टी केंद्र के अलावा 20 से अधिक राज्यों में सरकार चला रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी ने भारत को शिखर पर पहुंचाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने कहा कि भाजपा सभी वर्ग के लोगों की पार्टी है। पार्टी में सभी वर्ग के लोगों को सम्मान मिला है। अन्य दलों में परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति होती है। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि 11 वर्षो के कार्यकाल में पीएम मोदी के नेतृत्व में खेती किसानी, रोजगार, विदेश नीति, आर्थिक समेत हर मोर्चे पर देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। अनेक उतार-चढ़ाव के बीच देश की जनता तक सीधे किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना के साथ ही अनेक योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख अमन सिंह दउआ ने कहा भाजपा की विकास यात्रा, जनसंघ से लेकर अब तक के विस्तार, सांगठनिक मजबूती सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। कहा कि आज भाजपा विश्व में सर्वाधिक सदस्यों वाला राजनीतिक दल है। भाजपा नेता वीरेंद्र गौतम ने अनुसूचित जाति, जन जाति के विकास, उन्हें प्रतिष्ठा और अवसर देने के पर चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख विक्रांत अकेला ने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे, इस दिशा में सबको मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता सरोज गौतम ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, भाजपा जिला महामंत्री मारुति मिश्रा, बछरावां मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, विद्यासागर अवस्थी, सुरेंद्र सिंह, बृजेश वर्मा राजू, रन बहादुर सिंह रन्नू, सौरमंडल शुक्ला,सुनील सागर, चंद्र प्रकाश गुप्ता, ओमिक सोनी, श्रीश चौधरी, डॉ जी बी सिंह, शुभम जायसवाल, हरिओम चतुर्वेदी, पंकज पटेल, सुधा अवस्थी , प्रीति पांडे, आशुतोष रावत, अखिलेश चौधरी सहित बछरावां, शिवगढ़ व महाराजगंज मंडल से सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीएस तरौंजा में वार्षिकोत्सव व मेधावी छात्र सम्मान समारोह सम्पन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तरौंजा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह, सहायक अध्यापक राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह तथा विद्यारम्भ एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा की प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की वन्दना से शुरुआत करते हुए एक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। वहीं नया नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत में विद्यारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नया नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं को रोली अक्षत तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई। इसके साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेंद्र बाजपेई, अंजुला सक्सेना, ग्राम प्रधान अशर्फी लाल यादव, शशिकांत बाजपेई, प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव, शकुंतला देवी, मो.इमरान, कमलेश कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री कंचन, एएनएम अन्नपूर्णा, गीता आदि लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटकों, सैलानियों के लिए ज्ञानवर्द्धक सिद्ध होगी पत्रिका बारहमासा : जयवीर सिंह

**लखनऊ, चसं।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान द्वारा प्रकाशित बारहमासा पत्रिका विभिन्न अंचलों में बसे जनजातीय समुदाय के खानपान, सांस्कृतिक विरासत, वेशभूषा, लोकप्रथा तथा मान्याताओं को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जनजाति लोक कला की विशिष्ट शैली एवं धरोहर आज की पीढ़ी तक पहुंचाने में इस पत्रिका की अहम भूमिका होगी।पर्यटन मंत्री आज अपने सरकारी आवास पर लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान द्वारा प्रकाशित बारहमासा पत्रिका का विमोचन कर रहें थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के साथ मिलकर जनजातियों के कलाकारों, चित्रकारों, विशेषज्ञों के प्रमाणिक संकलन को इस पत्रिका में समेटा गया है।यूपी एवं पड़ोसी राज्यों के जनजाति समुदाय जैसे थारो, मुण्डा, उरांव अभूच, मारिया, गोंड, धुरवा कोल, कोरवा, संथाल, भील, बैगा, भारिया, हलबा, मरिया, सहरिया के बारे में बहुमूल्य जानकारियों को समाहित किया गया है। इस पत्रिका में संकलित सामग्री के माध्यम से पर्यटकों शोधार्थियों एवं देश-विदेश के सैलानियों के लिए पठनीय एवं ज्ञानवर्द्धक साबित होगी। यूपी की संस्कृति को विश्व के मानचित्र पर स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगी। त्रैमासिक पत्रिका बारहमासा के प्रकाशन के लिए लोक एवं जनजाति, कला तथा संस्कृति संस्थान का कार्य सराहनीय एवं उत्साहवर्द्धक है।

### पीड़िता ने आंगनबाड़ी भर्ती पर उठा गंभीर आरोप

**रायबरेली, चसं।** खीरो थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासिनी अंजू देवी ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आंगनवाड़ी चयन पर अवैध उगाही करने का आरोप जिम्मेदार अधिकारियों पर लगाया है. पीड़िता की शिकायत में पूरे जिले भर में हुए भर्ती को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है ।सूत्रों की माने तो एक लाख से दो लाख रुपए तक आंगनवाड़ी चयन हेतु वसूली किया गया है। जिसकी गोपनीय जांच हो गई तो दूध का दूध पानी का पानी एक होना तय है ।उधर जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता की शिकायत पर जांच टीम गठित करके रिपोर्ट मांगी है जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, चसं।** कमिश्नर द्वारा दिशा निर्देश पर, थाना महानगर क्षेत्र में पुलिस को पप्पू गौतम जो ई रिक्शा चलाता है, पप्पू गौतम फातिमा पान की गुमटी पर खड़ा था, जहां पर अभियुक्त अर्जुन गौतम लड़ाई झगड़ा करने लगा व गाली गलौज करते हुए अभियुक्त अर्जुन गौतम ने जान से मारने की नीयत से लोहे के राड निकल कर राड से पप्पू गौतम के सर पर जोरदार वार कर दिया, जिसमें पप्पू गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको लखनऊ के केजीएमयू में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी अर्जुन गौतम सेक्टर एच गोडियन पुरवा थाना जानकीपुरम लखनऊ,आरोपी अर्जुन गौतम फरार चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर मजार तिराहे के पास थाना महानगर लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, लखनऊ कमिश्नर के दिशा-निर्देशों के तहत की गई, टीमें अपराधियो के खिलाफलगातार अभियान चला रही है, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।

### भगवान महावीर जयंती पर आज बंद रहेंगी मांस की दुकानें

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस, मछली, मुर्गा की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। नगर निगम ने आदेश जारी किया है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पशु कल्याण अधिकारी डॉ.अभिनव वर्मा ने बताया कि भगवान महावीर जयंती के अवसर पर नगर निगम क्षेत्र में स्थित सभी मांस, मछली और मुर्गे की दुकानें बंद रहेंगी। साथ ही इनका क्रय-विक्रय भी प्रतिबंधित रहेगा।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार इस आदेश का पालन नहीं करता है, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ये आदेश सभी जोनल अफसरों को दिया गया है और आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी जोनल सेनेटरी ऑफिसर की होगी।

### गोशाला में पानी-छांव के इंतजाम नहीं एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**लखनऊ, चसं।** मोहनलालगंज के उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने सिसेंडी स्थित गोशाला का औचक निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पर्याप्त पानी और छांव की व्यवस्था नहीं। इस लापरवाही पर एसडीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने तुरंत सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। कहा गोवंश की देखभाल में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने गोशाला में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। पशुओं को समय पर चारा और पानी देने की हिदायत दी। गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडी छांव की व्यवस्था करने को कहा। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को कहा। एसडीएम ने कहा प्रशासन की प्राथमिकता में पशुओं की सुरक्षा और देखभाल सर्वोपरि है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय कर्मचारी और पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### अम्बेडकर की जन्मस्थली को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग

**लखनऊ, चसं।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने केन्द्र सरकार से बोधिसत्व भारत रत्न डॉ. किसानों, मजदूरों, शोषित वंचित समाज की आवाज थे। बाबा साहब की जन्मस्थली देश में करोड़ों लोगों की प्रेरणा का स्थल है। आज के दौर में समाज में सामाजिक सदभाव एवं समतामूलक समाज की रचना के लिए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर, देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह, महामानव आचार्य नरेन्द्र देव, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ लोहिया के विचारों से एकजुट होकर आगे आना चाहिए। आज गैर बराबरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है। अम्बेडकरवादी और गांधीवादी समाजवादी नजरियों से देश समतामूलक एवं सम्पन्न बन सकता है। राष्ट्रीय लोकदल बाबा साहब डॉ अम्बेडकर, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मौलाना अबुल कलाम आजाद के पदचिन्हों पर चल रहा है।

## निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का हंगामा, दस राज्यों से पहुंचे कर्मचारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बिजली विभाग के कर्मचारी निजीकरण के विरोध में जमकर हंगामा कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में 10 राज्यों के 5 हजार से अधिक कर्मचारी शामिल हुए हैं। बिजली संगठनों के पदाधिकारियों को संभालने के लिए पांच थानों की पुलिस बुलाई गई है। भीड़ अधिक होने के कारण सीआरपीएफ जवान भी तैनात किए गए हैं। सभी स्थिति को संभालने की कोशिश में जुटे हैं। कर्मचारियों का कहना है- सरकार अगर निजीकरण प्रक्रिया वापस नहीं लेती तो उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन कारियों का कहना है। हम लोग पिछले चार महीने से अपनी आवाज उठा रहे हैं।

कई बार शांति पूर्ण प्रदर्शन भी कर चुके हैं, इसके बाद भी अभी तक निजीकरण के नियमों में किसी तरह के बदलाव नहीं किए गए हैं। अब यह बर्दाश्त से बाहर है। प्रक्रिया नहीं रुकी इसलिए लखनऊ की सड़कों पर उतरकर अपनी मांग कर रहे हैं। मंगलवार को नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स की आंदोलन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें फैसला लिया गया था कि अगर सरकार अब भी निजीकरण वापस नहीं लेती है तो कर्मचारी आंदोलन करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया शहरी और ग्रामीण इलाकों में भेदभाव किया जा रहा है। शहर में 24 घंटे बिजली दी जाती है, लेकिन गांवों में 10-12 घंटे ही बिजली दी जाती है। क्योंकि कॉमर्शियल कनेक्शन में ज्यादा और डोमेस्टिक कनेक्शन में कम पैसे मिलते हैं। सरकार ने एग्रीमेंट किया था कि 54 महीने में खुद का बिजली घर लगाकर पावर सप्लाई की व्यवस्था की जाएगी। लेकिन 32 साल बाद भी कंपनी खुद का बिजली घर नहीं लगा पाई है। कई सालों तक पावर कॉरपोरेशन महंगी बिजली खरीद कर उन्हें सस्ते में देती रही। अब जाकर यहां की कंपनी खुद से बिजली की व्यवस्था कर रही है। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार कानपुर और आगरा की कंपनियों की तुलना कर लें तो सारा खेल समझ में आ जाएगा। कानपुर की कंपनी बिजली बेच कर उपभोक्ताओं से औसतन 7.96 रुपए प्रति यूनिट वसूलती है। जबकि आगरा की टोरेंट कंपनी को यूपी कॉर्पोरेशन कंपनी 5.55 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर 4.36 रुपए प्रति यूनिट की दर से उपलब्ध कराती है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा- यूपी पावर कॉर्पोरेशन से टोरेंट कंपनी हर साल लगभग 2300 मिलियन यूनिट 4.36 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीद कर 7.98 रुपए प्रति यूनिट की दर से उपभोक्ताओं को बेच रहा है। इससे भी सरकार को प्रति यूनिट 3 रुपए का साफघाटा लग रहा है। इससे टोरेंट को हर साल लगभग 700 करोड़ रुपए का मुनाफा हो रहा है। यदि निजीकरण नहीं होता तो ये फायदा यूपी पावर कॉरपोरेशन का होता। मतलब साफ है कि अकेले आगरा के निजीकरण से हर साल यूपी पावर कॉरपोरेशन को 1000 करोड़ का नुकसान हो रहा है। सरकार के फैसले को लेकर होने वाली रैली में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, लद्दाख, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए है।

## महिलाओं के लिए आत्मरक्षा सबसे जरूरी : शेफाली शाह

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने आज बुधवार को होटल सेंट्रम लखनऊ में अपने सम्मानित पूर्व अध्यक्षों और प्रतिष्ठित सदस्यों की उपस्थिति में अपने भव्य चेंज ऑफगार्ड समारोह का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में वंदिता अग्रवाल को वर्ष 2025-26 के लिए चौप्टर की 11वीं अध्यक्ष के रूप में उनकी गतिशील कार्यकारी समिति के साथ औपचारिक रूप से चुना गया।

इस कार्यकाल के लिए नव नियुक्त टीम में विभा अग्रवाल-तत्काल पूर्व अध्यक्ष, सिमरन साहनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवांशी सेठ उपाध्यक्ष, शमा गुप्ता सचिव, मिताली ओसवाल संयुक्त सचिव, स्मृति गर्ग कोषाध्यक्ष और वसुधा जैन संयुक्त कोषाध्यक्ष शामिल हैं।

स्वाति वर्मा को इस वर्ष के लिए फ्लो टेक्सटाइल और हैंडलूम समिति की राष्ट्रीय सह-प्रमुख नियुक्त किया गया। इस रोमांचक नए अध्याय की शुरुआत में आज फिक्की फ्लो लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम ÷राइज एंड रोअर÷ में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री शेफाली विपुल शाह के साथ एक प्रेरक टॉक शो आयोजित किया गया। सिल्वर स्क्रीन की अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में अपना जादू बिखेरा है। दिल्ली की गलियों से लेकर बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया तक, उन्होंने अलग-अलग तरह की भूमिकाएँ निभाई हैं और भारतीय सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। शेफाली विभिन्न शैलियों में अपने शानदार प्रदर्शन से दो दशकों से अधिक समय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए जानी जाती हैं।

संवाद कार्यक्रम में अलग-अलग प्रश्नों के उत्तर देते हुए शैफाली ने कहा किवे सेट पर सबसे ज्यादा खुश रहती हैं और अपने पेशे से प्यार करती हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने के कारण ही वह आज जो हैं, वह उन्हें मजबूत और गतिशील बनाती हैं। जब उन्होंने ओटीटी के बारे में बात की तो व खुद को एक छात्रा मानती हैं। दिल्ली क्राइम एक बहुत ही ठोस स्क्रिप्ट थी, इससे उनके दृष्टिकोण में बदलाव आया। वह अपने द्वारा निभाए गए सभी किरदारों से जुनूनी हो जाती हैं, वह अपने किरदार को रील और रियल के संगम की तरह पूरा करती हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आत्मरक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है जो हर किसी को अपने लिए करनी चाहिए। इस संवादात्मक सत्र की मेजबानी चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल और पूर्व चेयर स्वाति वर्मा ने कुशलतापूर्वक की और वनिता यादव द्वारा संचालित किया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व चैप्टर चेयरपर्सन ज्योत्सना हबीबुल्लाह,अंजू नारायण,आरुषि टंडन, सीमू घई सहित 250 से अधिक फ्लो सदस्यों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रायबरेली में छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, स्कूल की वैन में करता था छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज



**रायबरेली, चसं।** रायबरेली के महाराजगंज थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की वैन के ड्राइवर ने कक्षा तीन की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर धीरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। स्कूल वैन ड्राइवर छात्रा को स्कूल से घर छोड़ने के दौरान जानबूझकर सबसे अंत में उतारता था। जब वैन में छात्रा अकेली रह जाती, तब वह उसके साथ गलत हरकतें करता था। यह सिलसिला पिछले तीन दिनों से चल रहा था। पीड़िता ने तीन दिन बाद अपने परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पाया गया कि पीड़िता महाराजगंज थाना इलाके के एक निजी स्कूल में पढ़ती है और रोज उसी वैन से स्कूल आती-जाती थी।

### वाहन की टक्कर से युवक गम्भीर रुप से घायल

**शिवगढ़,रायबरेली, चसं।** थाना क्षेत्र के शिवगढ़-महराजगंज रोड पर स्थित कुशलगंज के पास किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने सड़क पर पैदल चल रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। कई घण्टे युवक सड़क के किनारे पड़ा तड़पता रहा। बाद में सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम शिवगढ थाना क्षेत्र के बैंती गांव का रहने वाला रिंकू उम्र 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय परशुराम जो थाना क्षेत्र के सीवन से वापस पैदल अपने घर के लिए आ रहा था। तभी कुशलगंज के पास किसी अज्ञात वाहन चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना शाम लगभग 5 बजे की बताई जा रही है। युवक कई घण्टे तक सड़क के किनारे पड़ा त?पता रहा कोई मदद के लिए आगे नही आया। घण्टों बाद घटना की जानकारी शिवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा को हुई तो उन्होंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी। वहीं कुशलगंज के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र शुक्ला ने जानकारी होते ही आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक की फोन से उसके परिजनों से बात कराई तथा एम्बुलेंस 108 को फोन कर एम्बुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ भिजवाया। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रेमशरन ने बताया कि दुर्घटना का शिकार युवक घायल अवस्था में एम्बुलेंस से अस्पताल आया था , जिसके पैर में जख्म है, युवक का उपचार किया जा रहा है।

### घर लाया गया सैनिक अंकेश तिवारी का शव

**रायबरेली, चसं।** गुवाहाटी शिलांग सीमा पर आन ड्यूटी सैनिक अंकेश तिवारी का रविवार को देहांत हो गया था। पार्थिव शरीर बुधवार दोपहर को पैतृक गदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत के गांव मनिहर गर्वी मजरे सुदामापुर गांव लाया गया। अंकेश के शव को देखकर परिवार के लोग बिलख पड़े। इस मौके पर उप जिला अधिकारी ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी, क्षेत्राधिकारी , थाना प्रभारी के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

### जानलेवा हमले में चार दोषियों को सजा

**रायबरेली, चसं।** बछरावां थाना क्षेत्र में करीब नौ साल पहले हुए जानलेवा हमले के एक मामले में चार दोषियों को चार-चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। साढ़े चार-चार हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामले की रिपोर्ट बछरावां थाना क्षेत्र के रामपाल खेड़ा निवासी बचान ने दर्ज कराई थी। इसके अनुसार 9 जनवरी 2016 की सुबह करीब 7 बजे खेत से लौटते समय जमीन के विवाद में गांव के बहादुर,जागेश्वर, संकटा व राममिलन ने उन्हें लाठी-डंडों से पीटा था। बचाने आए अरविंद आदि को भी पीटा गया था। इससे अरविंद के सिर पर गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद बछरावां थाना क्षेत्र के रामपाल खेड़ा मजरे बन्नावा निवासी बहादुर उर्फ राम बहादुर, जागेश्वर, संकटा व राममिलन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एफटीसी कोर्ट संख्या दो के अपर सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद चारों दोषियों को सजा सुनाई।

### 11 हजार घरों में बनेंगे प्रसाधन, 6.47 करोड़ जारी

**रायबरेली, चसं।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को ओडीएफ करने के लिए 11 हजार से अधिक घरों में प्रसाधनों बनवाए जाएंगे। इसके लिए लाभार्थियों के खातों में पहली किस्त के रूप में 6.47 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। पहली किस्त खर्च करने के बाद दूसरी किस्त जारी होगी। यह जानकारी डीपीआरओ ने दी। बताया कि इसके अलावा प्रसाधन के लिए आए 13 हजार और आवेदनों की जांच शुरू करा दी गई है। जल्द ही पात्रों को पहली किस्त के रूप में छह-छह हजार रुपये दिए जाएंगे। जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत अब तक करीब पांच लाख शौचालयों का निर्माण कराया गया है। शासन की मंशा है कि खुले में नित्यक्रिया पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जा सके। इसी कारण एकल और सामूहिक प्रसाधनों का निर्माण कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक प्रसाधन केंद्र भी बनवाए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करके करीब 11 हजार लोगों ने प्रसाधन की सुविधा देने की मांग की थी। सहायक विकास अधिकारियों से जांच कराने के लिए डीपीआरओ ने 11 हजार पात्रों के खातों में छह-छह हजार रुपये की पहली किस्त में 6.47 करोड़ से अधिक की धनराशि भेजी है। जिले में 13 हजार और लोगों ने शौचालय की मांग की है।

**सभी गांव बनाए जा रहे आदर्श :** कूड़ा निस्तारण, साफ-सफाई और शत प्रतिशत घरों में शौचालयों का निर्माण कराकर गांवों को आदर्श बनाने का काम चल रहा है। 400 से अधिक गांवों में रिसोर्स रिकवरी सेंटरों का निर्माण कराकर कूड़े का निस्तारण गांव स्तर पर ही कराया जा रहा है। 980 गांवों में सामुदायिक शौचालयों के नियमित प्रयोग के लिए ग्रामीणों को जागरूक भी कराया जा रहा है।

### फांसी से लटका मिला शव

**रायबरेली, चसं।** ऊंचाहार नगर के अकोड़िया मार्ग पर गांव छतौना मरियानी निवासी दुर्गा प्रसाद किराए के कमरे में रहते थे जहां पर उनका शव अंगोछा के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला है. थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

### थ्रेसर की चपेट में आई मासूम बच्ची, मौत

**रायबरेली, चसं।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के गांव गंगासारी निवासिनी पल्लवी 11 वर्ष ट्रैक्टर थ्रेसर के पास थी .इस दौरान एकाएक उसका दुपट्टा थ्रेसर में आ गया और इस दूसरा हिस्सा दुपट्टे का उसके गले में होने पर गला दब गया, इसके बाद उसकी मौत हो गई, थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल


**रायबरेली, चसं।** डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुष्कर्म के दर्ज मुकदमे के फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अमरेश निवासी कटहिया को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है ।जिसके खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज था।

### मारपीट का वीडियो वायरल

**रायबरेली, चसं।** सलोन थाना क्षेत्र के पाठन का पुरवा में दो पक्षों में हुई मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो गया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच करके विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**रायबरेली, चसं।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा निकट धर्मेंद्र निवासी ठकुराइन का पुरवा का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला है ।जिसके शव मिलने को लेकर अलग-अलग चर्चाएं थी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।



**मन की एकाग्रता ही समग्र ज्ञान है, बल ही जीवन है और दुर्बलता मृत्यु, मौन, क्रोध की सर्वोत्तम चिकित्सा है, दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो, खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है : स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

### महंगे ईंधन की मार

ऐसे वक्त में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तुगलकी फैसलों से दुनिया की अर्थव्यवस्था हिचकोले खा रही है, देश में बढ़ी महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि कोढ़ में खाज जैसी ही है। निस्संदेह, सरकार का कोई भी फैसला देश के व्यापक व दूरगामी लक्ष्यों को लेकर होता है। वैसे भी पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले विभिन्न कर केंद्र व राज्य सरकारों की आर्थिकी के लिये प्राणवायु जैसे होते हैं। लेकिन सरकारों को राजस्व जुटाने के लिये वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। उन मदों में समय-समय पर वृद्धि करना, जो पहले से ही लोगों पर भार डाल रहे हों, सुशासन की दृष्टि से तर्कसंगत नजर नहीं आता। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतें लोगों का बजट बिगाड़ रही हैं। सरकार के तमाम मौद्रिक उपाय महंगाई पर काबू पाने में सफल नहीं हो सके हैं। कोरोना संकट के बाद आम आदमी की आय में अपेक्षित वृद्धि भी नहीं हो पायी है। इससे जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है। ये तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों के दौरान तेल का खेल होता रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क में कमी की थी। हाल में फिर उसमें वृद्धि कर दी गई है। वैसे तो सरकार को भी पता है कि पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई की एक शृंखला पैदा होती है। लेकिन लगता है कि टैरिफयुद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नुकसान की भरपाई सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ाकर करना चाहती है। यूं तो हम अपने प्रत्यक्ष लाभ-हानि को दृष्टिगत रखते हैं, जबकि सरकार को व्यापक दृष्टिकोण के साथ दूरगामी फैसले लेने होते हैं। वैसे नागरिकों के हित राष्ट्रहित से अलग नहीं हो सकते। लेकिन फिर भी ऐसे फैसले लेते वक्त संवेदनशील दृष्टि अपनाना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष केंद्र सरकार के फैसले को एक अवसर के रूप में देखकर हमलावर हुआ है। उसकी दलील है कि केंद्र का पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्यवृद्धि का फैसला तार्किक नहीं है।

ऐसे वक्त में जब अंतर्राष्ट्रीय तेल बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, तो इस मूल्य वृद्धि का क्या औचित्य है। यह भी कि सरकार जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का बोझ जनता के कंधे पर डाल देती है, तो कीमतें घटने का लाभ भी तो उसे मिले। सरकार की दलील है कि पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया तो है लेकिन बोझ जनता पर नहीं पड़ेगा। सरकार के अनुसार पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। मगर लोगों की चिंता है कि देर-सवेर सरकार पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले दरवाजे से वृद्धि कर सकती है। तेल कंपनियां भी कब तक बढ़े उत्पाद शुल्क वहन करेंगी। वैसे भी सरकारें अपने बजट को संतुलित करने के लिये गाहे-बगाहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बदलाव करती रही हैं। हालांकि, सरकार को पता है कि तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई की नई शृंखला पैदा हो सकती है। माल-भाड़े में वृद्धि से दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाती है। डीजल के दामों से वृद्धि से खेती की लागत बढ़ती है, जिससे अनाज की महंगाई बढ़ती है। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र भी इस वृद्धि से प्रभावित होता है। लेकिन लगता है कि महंगाई की तुलना में टैरिफप्रभावों को संतुलित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। लेकिन एक बात तो तय है कि सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि को लेकर कोई कारगर रणनीति बनानी ही होगी।

# अगड़ी जातियों के खिलाफ राहुल गांधी

**पिछले कुछ महीनों के दौरान उनकी यात्राओं की बात करें तो यह राहुल गांधी का तीसरा बिहार दौरा था। इससे पहले राहुल गांधी 18 जनवरी और 4 फरवरी को बिहार के दौरे पर गए थे। लेकिन अपने बिहार दौरे के दौरान, राहुल गांधी ने सोमवार को जिस अंदाज में अपर कास्ट यानी अगड़ी जातियों पर हमला बोला,वो सबके लिए काफी चौंकाने वाला रहा। राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में अगर आप अपर कास्ट के नहीं हैं, तो आप सेकंड क्लास सिटिजन हैं। ये बात मैं यूंही नहीं कह रहा। यह बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने सिस्टम को बहुत गहराई से देखा और समझा है। हमने तेलंगाना में जातिगत जनगणना की और उसके परिणामों को देखते हुए तेलंगाना में आरक्षण बढ़ा दिया।**

बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा का चुनाव होना है। तमाम राजनीतिक दल इस विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। एक तरफ जेडीयू के मुखिया नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है, जिसमें विधायकों की संख्या के आधार पर बीजेपी नंबर वन की भूमिका में है। वहीं दूसरी तरफ आरजेडी के नेतृत्व में विपक्षी महागठबंधन है,जिसमें कांग्रेस दूसरे नंबर की बड़ी पार्टी है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि कांग्रेस के नेता विपक्षी गठबंधन के लिए महागठबंधन शब्द की बजाय इंडिया गठबंधन का ही प्रयोग करने लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी अपनी पार्टी के जनाधार को लगातार बढ़ाने के लिए बिहार का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2025 में ही राहुल गांधी अब तक तीन बार बिहार जा चुके हैं। अपने मिशन बिहार के तहत राहुल गांधी सोमवार (7 अप्रैल) को बिहार की धरती पर थे। पिछले कुछ महीनों के दौरान उनकी यात्राओं की बात करें तो यह राहुल गांधी का तीसरा बिहार दौरा था। इससे पहले राहुल गांधी 18 जनवरी और 4 फरवरी को बिहार के दौरे पर गए थे। लेकिन अपने बिहार दौरे के दौरान, राहुल गांधी ने सोमवार को जिस अंदाज में अपर कास्ट यानी अगड़ी जातियों पर हमला बोला,वो सबके लिए काफी चौंकाने वाला रहा।

राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में अगर आप अपर कास्ट के नहीं हैं, तो आप सेकंड क्लास सिटिजन हैं। ये बात मैं यूंही नहीं कह रहा। यह बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने सिस्टम को बहुत गहराई से देखा और समझा है। हमने तेलंगाना में जातिगत जनगणना की और उसके परिणामों को देखते हुए तेलंगाना में आरक्षण बढ़ा दिया। मैंने खुद नरेंद्र मोदी के सामने कहा है कि अगर आपकी सरकार आरक्षण की दीवार नहीं खत्म करेगी तो हम आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा वाली दीवार तोड़ देंगे। राहुल गांधी यहीं नहीं थमे। उन्होंने अगड़ी जातियों के खिलाफ बाकायदा एक माहौल बनाने की कोशिश करते हुए आगे कहा, हमने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चुनें और ये बहुत जरूरी कदम है। पहले हमारे जिला अध्यक्षों में अपर कास्ट के लोग थे, लेकिन अब नई लिस्ट में दो तिहाई लोग ईबीसी, ओबीसी, दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। मैंने और खरगे जी ने बिहार की टीम को साफ संदेश दे दिया है कि आपका काम- बिहार की गरीब जनता का प्रतिनिधित्व करना है। दलितों, ईबीसी, ओबीसी, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं को जगह देना है। बिहार का यह



दुर्भाग्य रहा है कि वहां के नेताओं ने बिहार को जातियों के आधार पर खंड-खंड बांटने का काम किया है। रही-सही कसर नीतीश कुमार ने ओबीसी में से ईबीसी और दलितों में से महादलितों को निकाल कर पूरी कर दी है। ऐसे में राहुल गांधी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने और कांग्रेस के जनाधार को मजबूत बनाने के लिए ओबीसी, ईबीसी, दलित, महादलित और महिलाओं की बात करें, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय और सबसे पुरानी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में भी पार्टी आलाकमान की भूमिका निभा रहे राहुल गांधी से अगड़ी जातियों को लेकर इस तरह की भाषा की उम्मीद तो कतई नहीं की जा सकती है। जबकि कांग्रेस और खासतौर से गांधी परिवार ने बीडीएम अर्थात बी से ब्राह्मण (इसमें तमाम अगड़ी जातियों को जोड़ा जाता है), डी से दलित और एम से मुस्लिम फॉर्मूले के आधार पर दशकों तक देश पर राज किया है। बिहार में भी इसी फॉमूले के आधार पर दशकों तक कांग्रेस की सरकारें बनती रही हैं। यह भी एक सर्वविदित तथ्य है कि दलित और ओबीसी मतदाताओं को एक साथ नहीं साधा जा सकता। उत्तर प्रदेश में मायावती की पार्टी बीएसपी के साथ गठबंधन करने के बावजूद यूपी के दलितों ने अखिलेश यादव के उम्मीदवारों को वोट नहीं दिया था। बिहार में भी लालू यादव अपनी ही पार्टी के दिग्गज दलित नेता और बिहार के दूसरे दलित मुख्यमंत्री रहे रामसुंदर दास को जनता दल विधायक दल की बैठक में हरा कर ही 1990 में पहली बार राज्य में मुख्यमंत्री बने थे। ऐसे में राहुल गांधी जिस अंदाज में एक ही साथ पिछड़ों और दलितों को साधने की कोशिश कर रहे हैं, उसका असफल होना तय माना जा रहा है। राहुल गांधी को शायद यह पता नहीं है या हो सकता है कि उन्हें अब तक उनके करीबी लोगों ने यह नहीं बताया है कि बीजेपी समेत बिहार में चुनाव लड़ रहे तमाम राजनीतिक दलों ने ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित को जातियों के हिसाब से बांट कर, उस पर अपना कब्जा जमा लिया है। ऐसे में कांग्रेस के लिए वहां बहुत ही कम स्कोप बचता है। कांग्रेस को यह भी याद रखना चाहिए कि अगड़ी जातियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर, राजनीति का सफर शुरू करने वाली मायावती भी पूर्ण बहुमत हासिल कर अपने दम पर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री तभी बन पाई थी, जब उन्होंने अगड़ी जातियों को भी बसपा के साथ जोड़ा था। बिहार में दलित प्रदेश अध्यक्ष बनाकर राहुल गांधी ने पहले ही बड़ा दांव खेल दिया है। ऐसे में अगर वह गांधी परिवार के पुराने विनिंग फॉर्मूले पर अमल करते हुए अगड़ी जातियों को लुभाने की कोशिश करते तो कांग्रेस का संगठन और ज्यादा मजबूत होता नजर आता। बिहार में वर्ष 2022 में कराए गए जाति सर्वे में आए आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में सवर्ण वर्ग की कुल आबादी 2 करोड़ से भी ज्यादा यानी 15.52 प्रतिशत है। वहीं दलितों की कुल आबादी 19.65 प्रतिशत यानी 2.56 करोड़ है। अगर राहुल गांधी कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में अगड़ी जातियों और दलितों की बड़ी आबादी को लुभाने में कामयाब हो जाते हैं तो बीजेपी को हराने के नाम पर मुसलमान भी कांग्रेस के साथ खड़े हो जाएंगे। बता दें कि, बिहार में मुसलमानों की कुल आबादी 17.7 प्रतिशत है। ऐसे में राहुल गांधी फिर से बीडीएम फॉर्मूले के तहत कांग्रेस के लिए मजबूत वोट बैंक बनाने की शुरुआत कर सकते हैं। लेकिन उनके भाषण से यह साफ-साफ लग रहा है कि राहुल गांधी गलत ट्रैक पर चले गए हैं और इसका खामियाजा आने वाले दिनों में निश्चित तौर पर कांग्रेस को उठाना पड़ सकता है। **:: एजेंसी**

# बिम्सटेक : क्षेत्रीय सहयोग का प्रभावी मंच

कुछ दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री ने सात एशियाई देशों के संगठन बिम्सटेक के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने हेतु आह्वान किया। गौरतलब है कि बिम्सटेक में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन अमरीकी डालर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें स्वभाविक तौर पर भारत का योगदान सर्वाधिक है। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। खास बात यह है कि पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य देश नहीं है।

हालांकि यह संगठन 27 साल से भी अधिक समय से चल रहा है, शुरुआत में जून 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ, यानी बांग्लादेश, इंडिया, श्रीलंका और थाईलैंड इकोनॉमिक कॉओपरेशन। थोड़े ही समय बाद दिसंबर 1997 में इसमें म्यांमार को शामिल करते हुए इसका नाम बिम्सटेक हो गया। फरवरी 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गए और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, लेकिन उसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेकनिकल एंड इकोनॉमिक कॉओपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा। अभी तक पूर्व में इसके शिखर सम्मेलन क्रमश थाईलैंड, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका में होने के बाद 2 से 4 अप्रैल 2025 में इसका छठा शिखर सम्मेलन थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित हुआ। गौरतलब है कि भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है। सार्क यानी साऊथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल कोओपरेशन, दक्षिण एशिया के देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालद्वीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका, कुल सात देशों का संगठन के रूप में 1985 में बना। 2007 में इसमें अफगानिस्तान शामिल हुआ। सार्क के 9 पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिसमें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमरीका, ईरान और चीन भी शामिल हैं। सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए साऊथ एशियन प्रफ्रेंशिएल ट्रेड एग्रीमेंट, यानी साप्टाय और साऊथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया, यानी साफ्टा नाम के दो समझौते क्रमश 1995 और 2004 में हुए। इन समझौतों का उद्देश्य इस क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। शुरुआती दौर से ही सार्क में कुछ विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भड़?ा कर उसे बदनाम करने का काम करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए 1992 से शुरू 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया। 1997 में इंडियन ओसिएन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकांग गंगा कोओपरेशन और 2015

**अब जबकि पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये के कारण सार्क मृतप्राय हो चुका है, और बिम्सटेक नए क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां क्षेत्र के विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र, भुगतान प्रणाली, डिजिटलीकरण, औद्योगिकीकरण और अन्य में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं, यह भारत को इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने का एक नया अवसर देता है, जहां चीन बुनियादी ढांचे और अन्य तरीकों से हावी होने की कोशिश कर रहा है।**

में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया। गौरतलब है कि भारत के सार्क से विमुख होने के बाद सार्क का महत्व ही समाप्त हो गया और पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से इसका एक भी शिखर सम्मेलन नहीं हुआ। गौरतलब है कि बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं। इन देशों में आर्थिक और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है। आज जब दुनिया भर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो अथवा डिजिटाइजेशन की बात हो, अथवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला हो, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके। भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यही कारण है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक के एजेंडा और क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की। इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नए कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की। अधिक क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चौंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और भारत में हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की। क्षेत्र को एक साथ लाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों से लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की घोषणा की। भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा और 2027 में जब समूह अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी भारत करेगा। यह बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा। क्षेत्र के युवाओं को करीब लाने के लिए प्रधानमंत्री ने यंग लीडर्स समिट, हैकाथॉन और यंग प्रोफेशनल विजिटर्स प्रोग्राम की घोषणा की। **:: एजेंसी**

# ट्रम्प की जिद से शेयर बाजार तबाह

शासक जिद्दी और अहंकारी हो तो वह तबाही लाता ही हैय पर यदि वह अमेरिका जैसे देश का हो तो बर्बादी वैश्विक ही होगी, इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साबित कर दिखाया है। उनके द्वारा छेड़े गये टैरिफवॉर ने अनेक देशों के शेयर मार्केट में बड़ी तबाही मचा दी है। जिन देशों की इकानॉमी ठोस मजबूती लिये हुए है, वहां तो इसका असर कम है लेकिन भारत जैसे देश में, जिसकी अर्थव्यवस्था आंकड़ों में तो भीमकाय है लेकिन पिछले कुछ



समय से अनेक सेक्टरों में पिछड़ने और लोगों की आय में भारी गिरावट के कारण वह इस सुनामी का मुकाबला करने में नाकाम दिखाई देती है। सोमवार को जैसे ही शेयर बाजार खुला, उसमें वैश्विक घटनाक्रम का असर दिखा। कई देशों के खिलाफअमेरिका द्वारा अपनाई गई श्रेसिप्रोकल टैरिफश् नीति से आई अनिश्चितता से भारत के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स एवं निफ्टी दोनों में ही ऐसी बड़ी गिरावट देखी गयी कि इस दिन को ब्लैक मंडे का नाम दिया गया। बताया गया है कि शेयर मार्केट के अब तक के 5 सबसे बुरे दिनों में सोमवार का शुमार हो गया।

हालांकि मंगलवार को आंशिक रिकवरी देखी गयी परन्तु आशंका है कि निवेशकों का बुरा दौर जल्दी खत्म नहीं होगा। शेयर मार्केट के जानकारों के साथ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार इसलिये जल्दी उठ नहीं पायेगा क्योंकि ट्रम्प ने जिन देशों पर सबसे ज्यादा टैरिफठोंका है, उनमें भारत भी है। चूंकि वैश्विक अर्थप्रणाली में कहीं भी होने वाली घटनाएं समग्र रूप से सभी देशों पर असर डालती है, विभिन्न देशों के साथ ट्रम्प का यह व्यवहार भारत पर भी असर डाल रहा है। ट्रम्प के इस कदम का अच्छा मुकाबला चीन कर रहा है इसलिये वह दुनिया भर के व्यवसायियों के लिये आशा का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। वैसे तो बौखलाये ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत का टैरिफलागू करने की धमकी दी है लेकिन माना जाता है कि चीन का मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर इतना मजबूत है कि वह आसानी से अमेरिका को झेल जायेगा। समस्या भारत जैसे देश के लिये है जिसने अपने औद्योगिक आधार को बहुत कमजोर कर दिया है। किसी भी महत्वपूर्ण मौकों पर भारत सरकार की चुप्पी इस बार भी दिखाई दे रही है। टैरिफवॉर से देश कैसे निपटेगा और सरकार इस दिशा में क्या कर रही है, इसे लेकर वित्त मंत्रालय कोई संकेत नहीं दे रहा है। इससे भारतीय बाजार में आशंका के साथ घबराहट होनी स्वाभाविक है। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लाभ के प्रति बहुत आश्वस्त नहीं हैं। विशेषज्ञों की मानें तो वे लम्बे समय तक भारतीय बाजारों के उठने का इंतजार नहीं करेंगे। यदि विदेशी निवेशक टूटते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था में लोगों का भरोसा खत्म होते वक्त नहीं लगेगा। इससे रिकवरी की प्रक्रिया और धीमी हो जायेगी। सरकार को बाजार के बचाव से सम्बन्धित कदम तुरन्त घोषित करने होंगे। फ्लिहाल तो लगता है कि सरकार ने शेयर बाजार तथा स्थानीय निवेशकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। वैसे भी पिछले लगभग 9 महीनों में शेयर बाजार बेहद कमजोर हुआ है। कई दिन ऐसे आये हैं जब निवेशकों ने एक-एक दिन में लाखों करोड़ों रुपये गंवाए हैं। याद हो कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से जमकर शेयर खरीदने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 4 जून (2024) को निकलने वाले नतीजों में भारतीय जनता पार्टी व उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को 400 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही हैं जिससे निवेशकों को खूब फायदा होगा। इसके कारण लोगों ने जमकर खरीदारी की थी- खासकर उन कम्पनियों के शेयरों की जो भाजपा सरकार के नजदीकी लोगों की है। परिणाम विपरीत निकले। शेयर बाजार ऐसा धड़ाम हुआ कि निवेशकों की जेबें खाली हो गयीं। धूर्त कारोबारियों ने बेचते वक्त भी लाभ कमाया और जब बाजार गिरा तो खरीदारी करते हुए भी चांदी काटी। कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा ही शेयर बाजार को कमजोर कर रही है।

# अखिलेश की चेतावनी 'दैनिक जागरण' पढ़ना बंद करो

उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों एक बार फिर गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में आयोजित एक प्रेस वार्ता में देश के बड़े हिंदी समाचार पत्र दैनिक जागरण पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अखबार अब निष्पक्ष पत्रकारिता नहीं कर रहा, बल्कि भारतीय जनता पार्टी का प्रचार तंत्र बन चुका है। प्रेस वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अब दैनिक जागरण को पढ़ना, खरीदना और प्रचारित करना बंद करें। उन्होंने कहा, जब कोई संस्थान जनहित की जगह सत्ता हित में काम करने लगे, तो उसका विरोध जरूरी हो जाता है। लोकतंत्र में मीडिया को प्रहरी की भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन जब वही प्रहरी सत्ता की गोद में बैठ जाए, तो लोकतंत्र कमजोर होता है। अखिलेश यादव का यह बयान उस समय आया है जब सपा लगातार यह आरोप लगाती रही है कि मीडिया का एक बड़ा वर्ग भाजपा के पक्ष में एकतरफा रिपोर्टिंग कर रहा है और विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की खबरों को या तो पूरी तरह दबा दिया जाता है या इस तरह तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता है कि उसका मूल संदेश ही बदल जाता है।सपा की मीडिया टीम ने प्रेस वार्ता में कई आंकड़े भी प्रस्तुत किए और दावा किया कि दैनिक जागरण में भाजपा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी जाती है, जबकि महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की समस्याएं,

**कुछ विश्लेषक इसे सपा की मीडिया रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं, जिससे वह अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एकजुट कर सके।कई विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश यादव का यह बयान भावनात्मक और राजनीतिक दोनों ही स्तरों पर एक मजबूत संदेश है। यह न सिर्फ सत्तारूढ़ दल पर सीधा हमला है, बल्कि मीडिया की भूमिका पर भी बहस को जन्म देता है।**

और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर समाजवादी पार्टी द्वारा उठाए गए सवालों को या तो नजरअंदाज किया गया या बेहद सीमित कवरेज दी गई।इस बयान के बाद लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में दैनिक जागरण के कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। भाजपा ने अखिलेश यादव के इस बयान को सस्ती लोकप्रियता और हताशा से भरा हुआ बताया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, ÷जब जनता से समर्थन नहीं मिल रहा हो, तो नेता अक्सर मीडिया को दोष देना शुरू कर देते हैं। अखिलेश यादव को यह समझना चाहिए कि मीडिया वही दिखाता है जो जमीनी हकीकत होती है। दैनिक जागरण जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों पर आरोप लगाना यह दर्शाता है कि सपा की जमीन खिसक रही है। एक अन्य भाजपा विधायक ने कटाक्ष करते हुए कहा कि, जिस नेता ने कभी पत्रकारों के माइक तक खींच लिए थे, वह अब पत्रकारिता की शुचिता की बात कर रहे हैं। मीडिया की आजादी की बात वही करता है जो खुद आलोचना सहने का साहस रखता हो। अखिलेश यादव के इस बयान को लेकर विपक्ष के अन्य दलों में भी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, मीडिया की स्वतंत्रता आज खतरे में है, और यह केवल अखिलेश यादव नहीं, बल्कि पूरा विपक्ष महसूस कर रहा है। प्रेस को सरकार की गोद से बाहर निकलकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका निभानी चाहिए। वहीं, बहुजन समाज पार्टी की ओर से औपचारिक बयान नहीं आया, लेकिन पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि मीडिया का झुकाव किसी एक पार्टी की ओर होना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है, लेकिन कोई भी राजनीतिक दल तब तक मीडिया पर सवाल नहीं उठाता जब तक वह खुद निशाने पर न हो। अखिलेश यादव को पहले खुद की मीडिया नीति पर भी आत्ममंथन करना चाहिए। मीडिया संगठनों में इस विवाद को लेकर हलचल है। कुछ वरिष्ठ पत्रकारों ने अखिलेश यादव की टिप्पणी को लोकतांत्रिक असहमति बताया, वहीं कुछ पत्रकारों ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा मीडिया संस्थानों का सार्वजनिक बहिष्कार लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ जाता है। भारतीय प्रेस परिषद के एक सदस्य ने कहा, यदि किसी को मीडिया से शिकायत है तो वह वैधानिक मंचों पर शिकायत कर सकता है, लेकिन सार्वजनिक रूप से किसी अखबार का बहिष्कार करना पत्रकारों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सपा प्रमुख का यह कदम मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के वोट बैंक को फिर से सशक्त करने की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है, क्योंकि हाल के चुनावों में सपा को कई स्थानों पर परंपरागत वोटों में गिरावट का सामना करना पड़ा है। **:: चर्चित डेस्क**

## आज का राशिफल

**मेष:–** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**वृषभ :–** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुन :–** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :–** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :–** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:–** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:–** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।


**वृश्चिक:–** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**धनु:–** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:–** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुम्भ:–** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**मीन:–** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।



राशि रत्न

## लिफ्ट देकर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में लिफ्ट देकर लूट करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में अयान और रवि शुक्ला शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से लूट में इस्तेमाल की गई कार और नगदी बरामद की है। घटना 5 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की है। पीड़ित अनुज कुमार सेवा अस्पताल के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान चार लोगों ने उन्हें सिधौली छोड़ने का झांसा देकर कार में बैठा लिया।

काकोरी से पहले किसान पथ पर आरोपियों ने कार के दरवाजे लॉक कर मारपीट की। उन्होंने अनुज का मोबाइल फोन और पैसे लूट लिए। जबरन मोबाइल का लॉक खुलवाकर गूगल-पे से 6,000 रुपए भी ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने बुधवार को सैरपुर थाना क्षेत्र के रैथा अंडरपास के पास से दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अयान और रवि शुक्ला बताया। अयान के पास से 520 रुपए और रवि के पास से 300 रुपए बरामद हुए।

# भाजपा कार्यालय पर चित्रों के माध्यम से लगाई गई प्रदर्शनी

## 1951 में गठित जनसंघ से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से चल रहे अभियानों के तहत जिला कार्यालय पर चित्रों के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई।जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं संग प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा ,1951 में गठित जनसंघ से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। भाजपा आज भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टी है। यह संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व के मामले और प्राथमिक सदस्यता के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। अपने वैचारिक अधिष्ठान के साथ विचारधारा के स्तर पर भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ हमारे वैचारिक और संगठनात्मक संबंध हैं।राजनीतिक क्षेत्र में भाजपा की स्थापना युगांतकारी घटना मानी जाती है। भाजपा की स्थापना जरूर 1980 में हुई थी लेकिन इसकी बुनियाद स्वतंत्रता सेनानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में ही भारतीय जनसंघ बनाकर कर दी थी। जनसंघ की तरह भाजपा का आरंभ काफी कठिनाइयों वाला रहा। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री की हत्या के बाद देश में जो आम चुनाव हुए थे उसमें भाजपा को महज दो सीटें मिली थी लेकिन आज 45 वर्ष में भाजपा न केवल तीसरी बार केन्द्र की सरकार में है अपितु 19 राज्यों में भाजपा सहयोगियों या बिना सहयोगियों के साथ सरकार में है।1980 में जब भाजपा की स्थापना हुई तो सबसे पहले उत्तर प्रदेश में संगठन की अध्यक्षता माधव प्रसाद त्रिपाठी को सौंपी गई। वह 1980 से 1984 तक अध्यक्ष रहे। उनका कार्यकाल खत्म हुआ तो संगठन के बड़े नेता रहे कल्याण सिंह जी अध्यक्ष बने। वह 1984 से 1990 तक अध्यक्ष रहे। 1990 में राजेन्द्र गुप्त जी प्रदेश बने और उसके तुरंत बाद कलराज मिश्र जी प्रदेश के अध्यक्ष बनाये गये। इसके बाद राजनाथ सिंह जी कुछ समय तक अध्यक्ष रहे और उसके बाद प्रदेश संगठन को ओमप्रकाश सिंह का साथ मिला। आगे भी इसी तरह क्रम चलता रहा और बारी-बारी से कलराज मिश्र, विनय कटियार, केशरीनाथ त्रिपाठी, रमापतिराम त्रिपाठी, सूर्यप्रताप शाही, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, केशव प्रसाद मौर्य, डा. महेद्र नाथ पांडेय और स्वतंत्रदेव सिंह ने उत्तर प्रदेश में संगठन की अध्यक्षता संभाली।

इसके बाद अब तक भूपेन्द्र सिंह चौधरी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भाजपा की सेवा कर रहे है। यह संगठन की महत्ता है कि, हम सभी सामन्य पृष्ठभूमि से आने वाले कार्यकर्ता पार्टी के पद को संभल रहे हैं। यही विशेषता भाजपा को दूसरे दलों से अलग करती है। भाजपा में सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता आगे बढ़कर किसी भी जिम्मेदारी को संभाल सकता है यह प्रेरणा पार्टी में हर कार्यकर्ता को प्राप्त है यह वैशिष्ट्य ही भाजपा को आज पूरे विश्व में प्रकाशित कर रहा है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री के प्रतिशत में भी जनपद शीर्ष पर : डीएम



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जनपद में जिलाधिकारी व उनकी टीम के परिश्रम के परिणामस्वरुप जनपद फॉर्मर रजिस्ट्री के कुल प्रतिशत के मामले में प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ गया। आंकड़े जारी होते ही जनपद में यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया। जिलाधिकारी को लोग बधाई देने लगे।

संयुक्त निदेशक डॉ नन्दकिशोर ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। नये वर्ष की शुरुआत में जनपद प्रदेश के 75 जनपदों में से 74वें स्थान पर था। लोगों को कम ही उम्मीद थी कि जनपद कभी प्रथम स्थान पर आ पायेगा। लेकिन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह इसके लिए रणनीति बना चुके थे। उन्होंने क्षेत्र में जाकर फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य को देखा और कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने गति बढ़ाने के लिए 'गाजर और छड़ी' के सिद्धांत को अपनाया। अच्छे कर्मचारियों को उन्होंने प्रोत्साहित किया तथा लापरवाह कर्मचारियों को को दण्डित भी किया। प्रतिदिन अधिकारियों के साथ कार्य की वर्चुअल समीक्षा की। फॉर्मर रजिस्ट्री की कुल संख्या में जनपद पहले ही शीर्ष स्थान पर पहुँच गया था आज प्रतिशत के मामले में भी जनपद शीर्ष पर पहुँच गया। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि के लिए अपनी सम्पूर्ण टीम को बधाई देते हुए कहा है इसी जज्बे के साथ फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य को करते रहें ताकि अवशेष कार्य भी जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनकी राजस्व व कृषि विभाग की टीम काफी क्षमतावान है। बस निरंतरता को बनाये रखने की जरुरत है।

### हमारी टीम काफी क्षमतावान : जिलाधिकारी

## बच्चों को तालाब, पोखर नदी में स्नान करने से रोकें : जिलाधिकारी

**हरदोई, चसं।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि तालाब, पोखर, नदी में डूबने के कारण हुई जनहानि के प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को तालाब, पोखर, नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चें जल के समीप हैं, तो अभिभावक अपनी देख-रेख में रखें। जिससे होने वाली अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि जर्जर, टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। यह भी देखें की संचालन के दौरान नाव साफ और सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव में यात्रा करते समय यह भी देख ले कि नाव की भर क्षमता कितना है और नाव पर लाइफ जैकेट है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थो का सेवन कर नदी/तालाब/पोखर में प्रवेश न करें। जल में बने सुरक्षात्मक चिन्ह के आगे जाने का प्रयास न करें। घाट पर उपस्थित सुरक्षा दल के निर्देशों को सुने व उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेले। तैरना न आने पर नदी या अन्य जल स्त्रोत से दूर रहें। अधिक गहरे जल में प्रवेश न करें। एक नाव से दूसरे नाव में कूदकर जाने एवं पानी में सेल्फी लेने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो सबसे पहले आस-पास के मौजूद लोग उसकी मदद करें, और एम्बुलेंस को बुलायें। यदि व्यक्ति श्वांस नही ले रहा हैं, तो उसकी नब्ज चेक करें और उसे सीपीआर दें। रोगी को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि पानी में डूब रहा व्यक्ति घबराएं नहीं, शांत रहें, अपने सिर को ऊपर की ओर रखे, बैग व जूते जैसी वजनदार चीजो को हटा दें। पानी को पीछे की ओर धकेलते रहे, ताकि आप स्थिर रह सके। हाथों की सहायता से पानी को ऊपर की ओर उछालते रहे, जिससे लोग देखकर आपकी मदद कर सके।

# पूर्व विधायक के पिता का निधन शव यात्रा में उमड़ी भारी भीड़





चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शाहाबाद/हरदोई।** जिले के शाहाबाद क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक/चेयरमैन आसिफ खा बब्बू के पिता हाजी याकूब अली खा का बुधवार को निधन हो गया।लगभग 94 वर्षीय याकूब अली खा पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ्य थे और उनका उपचार लखनऊ में पीजीआई और जीसी हॉस्पिटल में चल रहा था।

जीसी हॉस्पिटल में ही उन्होंने आखरी सांस ली।बुधवार को सुबह 6 बजे उनका पार्थिव शरीर शाहाबाद निवास लाया गया।निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई क्योंकि पूर्व विधायक के पिता काफी मिलनसार और सभी से हितप्रेम करने वाले व्यक्ति थे और वे आम की बागवानी के बहुत बड़े शौकीन थे,आम की विभिन्न वैरायटी को अपने बागों में पैदावार करवाकर अपने सैकड़ों मिलने वालों को उसके स्वाद का आनंद दिलवाते थे।अपने पुत्र की गैरमौजूदगी में आवास पर आने वाले जरूरतमंदों की हर संभव मदद करना उनकी आदत थी।उनके निधन की सूचना पर लोगों की बड़ी भीड़ उनके अंतिम दर्शन के लिए पूर्व विधायक आवास मो0 बलाईकोट पर पहुंचने लगी।पूर्व विधायक के चाहने वालों ने दुख के समय पर उनको ढांढस बधाया और उनको सांत्वना दी। हजारों की भीड़ में उनकी शव यात्रा को उनके मोहल्ले में ही स्थित कब्रिस्तान लाया गया और गमगीन माहौल में हाजी याकूब अली को सुपुर्दे ए खाक किया गया। शव यात्रा में पूर्व विधायक के इष्ट-मित्र,परिजन,हजारों समर्थकों शामिल थे।उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदना प्रकट किया है।पूर्व विधायक के आवास पर जाकर शोक संवेदना प्रकट करने वालों में पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान,एमएलसी जासमीर अंसारी,पूर्व सांसद ऊषा वर्मा,पूर्व विधायक ताहिर सिद्दीकी,पूर्व विधायक अवधेश वर्मा,पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद,अधिशासी अधिकारी आर आर अंबेश,पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी,नलिन गुप्ता,प्रबंधक हर्ष पांडे,पूर्व प्रधानाचार्य करुणा शंकर शुक्ल,प्रधानाचार्य गोविंद बाजपेई,पूर्व ब्लाक प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी,बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामजी तिवारी,अवधेश नारायण पाठक,भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगाराम राठौर,अखिलेश पाठक,इंसराम अली,पूर्व अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति हरिनाथ त्रिपाठी, दिलीप अग्निहोत्री,अशोक पाठक, सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली,जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश पाठक,सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश रस्तोगी, कांग्रेसी नेता कमलेश चन्द्र रस्तोगी, लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा,व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा,डॉ एमएल गुप्ता,डॉ दीपक मिश्रा,डॉ श्री प्रकाश गुप्ता,डॉ मुन्नन,डॉ कमलेश ठाकुर,अध्यक्ष वैश्य समाज विनोद,रानू गुप्ता के साथ दर्जनों सभासद आदि शामिल रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ का लापता आरोपित, किशोर भाई के घर से बरामद

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जनपद के पाली थाना क्षेत्र में 20 मई 2024 को किशोरी को मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोपित किशोर 22 अगस्त को घर से लापता होने के मामले में पाली पुलिस ने किशोर को उसके भाई के घर रौजा शाहजहांपुर से बरामद कर अपहरण की झूठी रिपोर्ट का पर्दाफाश किया है।

प्राप्त विवरण में 21 मई 2024 को किशोरी के पिता द्वारा थाने पर तहरीर दी कि आरोपित किशोर द्वारा उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की गई। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी।22 अगस्त 2024 को छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी किशोर के पिता शकील पुत्र नन्हे निवासी मोहल्ला मलिकाना कस्बा व थाना पाली द्वारा पीडिता किशोरी के पिता पर पुत्र का अपहरण कर गायब करने का आरोप लगाया ग

पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू की थी।थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक सोमपाल गंगवार व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अपहृत बालअपचारी को कुआबोझ थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर से सकुशल बरामद किया गया।बरामद आरोपी किशोर ने पुलिस द्वारा पूछताछ में बताया कि किशोरी से मारपीट और छेड़छाड़ की घटना के बाद उसके पिता द्वारा घर से उसके फूफा इशाक के पास ग्राम वारी में भेज दिया गया था जहां वह एक हफ्ता रुका तथा उसके उपरांत बालअपचारी के परिजनों द्वारा उसको ग्राम कुआबोझ थाना रोजा जनपद शाहजहापुर इशाक के बहनोई के पास भेज दिया जहां पर बालअपचारी करीब 6 माह तक रहा और वहीं पर मस्जिद में काम करता था। उसके बाद करीब 3 माह पूर्व बालअपचारी अपने बडे भाई अतीक के साथ रह रहा था।पुलिस ने बरामद बाल अपचारी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

# अब आपके इलाके में बनेगा आपकी पसंद का रेलवे स्टेशन, बस आपको घर बैठ करना है ये आसान-सा काम

चर्चित राजनीति। संवाददाता




**हरदोई।** अपनी पसंद के अनुरूप पास वाले अमृत भारत स्टेशन का पुनर्विकास करा सकते हैं आमजन रेलवे की वेबसाइट के 'सुझाव दो आपका स्टेशन कैसा हो' लिंक पर दे सकते हैं अपना सुझाव।

रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया कि अब आप भी अपनी पसंद के अनुरूप पास वाले चिह्नित अमृत भारत स्टेशन का पुनर्विकास करा सकते हैं। अगर आप स्टेशन पर क्षेत्रीयता या ऐतिहासिकता की झलक चाहते हैं, आवागमन को सुगम बनाने के लिए शहर से बेहतर कनेक्टिविटी चाहते हैं या यात्री सुविधाओं का और विस्तार, तो अपनी इच्छाओं को दबाइए नहीं।

सीधे इंडियन रेलवे के वेबसाइट पर जाइए और 'सुझाव दो आपका स्टेशन कैसा हो' लिंक के माध्यम से अपने मन की बात रेल मंत्रालय तक पहुंचाइए। रेलवे बोर्ड अपनी वेबसाइट www.indian-railways.gov.in पर सुझाव दो आपका स्टेशन कैसा हो लिंक के माध्यम से आपकी राय आमंत्रित कर रहा है। रेल मंत्रालय के निर्देश पर सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम (क्रिस) ने इंडियन रेलवे के वेबसाइट पर यह लिंक तैयार किया है। लिंक पर क्लिक करते ही सामने सुझावों से संबंधित पेज खुल जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने स्टेशन के पुनर्विकास में बदलाव चाहता है, तो वह पेज पर दिए गए विकल्पों को अपनी इच्छानुसार भर सकता है। पेज पर नाम, पता, व्यवसाय, मोबाइल नंबर और ई मेल आइडी भरने के साथ स्टेशन का नाम चुनना होगा। आप अपनी राय HARDOI RAILWAY के फेसबुक पेज पर भी दे सकते है इसके लिए आपको फेसबुक पर HARDOI RAILWAY लिखकर सर्च करना होगा और पहली पोस्ट आपको हरदोई रेलवे स्टेशन पर आपके सुझाव की दिखाई पड़ेगी। आप अपने स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में देखना चाहते हैं तो सुझाव दे सकते हैं। इसके अलावा अलग-अलग विकल्पों में स्टेशन से एप्रोच रोड, स्टेशन के दोनों तरफ से शहर से कनेक्टिविटी, स्टेशन से बाहर निकलने के रास्ते, वेटिंग हाल का उच्चीकरण, क्षेत्रीयता के आधार पर स्टेशन का माडल, ऐतिहासिक स्वरूप, दिव्यांगजन, महिला और बच्चों समेत यात्री सुविधाओं से संबंधित अपनी राय दे सकते हैं।सुझाव से संबंधित आडियो और वीडियो के अलावा अभिलेख भी अपलोड कर सकते हैं। पेज पर इसके लिए भी अलग से विकल्प दिए गए हैं। सबमिट करने के साथ आपका सुझाव रेल मंत्रालय तक पहुंच जाएगा। जानकारों के अनुसार मंत्रालय स्तर पर गठित कमेटी आपके सुझावों की समीक्षा करेगी। बेहतर सुझावों को अमल में लाया जाएगा, जिससे सुझाव देने वाले व्यक्ति को भी अवगत कराया जाएगा।रेल मंत्रालय अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्विकास का खाका दो वर्ष पहले तैयार कर लिया है। नवनिर्माण भी आरंभ हो गया है। रेलवे प्रशासन लोगों की मंशा के अनुरूप स्टेशनों का पुनर्विकास नहीं कर पा रहा, जिन्हें स्टेशन व क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक व भौगोलिक संरचना की बेहतर जानकारी होती है। इसलिए स्टेशनों के विकास को लेकर आमजन की राय लेने की योजना बनाई है।

# सेंट जेवियर्स स्कूल की मनमानी फीस वसूली पर अभिभावकों का विरोध आया सामने, दो घंटे किया चक्का जाम



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की मनमानी फीस वसूली, ट्रांसपोर्टेशन, पाठ्य पुस्तकों के पाठ्यक्रम बदलने आदि के खिलाफ अभिभावकों और छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। चरौली पुलिया के पास स्कूल के बाहर हुए प्रदर्शन के दौरान हरदोई-शाहजहांपुर रोड पर करीब दो किलोमीटर लंबा चक्का जाम कर दिया गया। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन निर्धारित फीस से अधिक शुल्क वसूल रहा है और किताबें-यूनिफॉर्म तय दुकानों से खरीदने का दबाव बना रहा है। जाम से मार्ग पर लंबी वाहनों की कतारें लग गई और राहगीरों को भारी दिक्कतें हुई।

मालूम हो कि अभिभावक संघ ने जिला प्रशासन को 12 सूत्रीय ज्ञापन विभिन्न अनियमितताओं को लेकर दिया था।अभिभावकों के इस विरोध प्रदर्शन का अभिभावक संघ ने समर्थन किया है जिला प्रशासन से इन बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई किए जाने की गुजारिश की है।

सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। प्रदर्शनकारियों ने फीस में पारदर्शिता और शिक्षा विभाग से जांच की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## भाकियू ने ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक आयोजित की



**हरदोई, चसं।** बिलग्राम में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक आयोजित की। बैठक में गांवों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। भाकियू ने खंड विकास अधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पुसेड़ा गांव में सफाई कर्मी नहीं आने की शिकायत की गई। दुर्गागंज के मजरा सरौना में चकमार्ग पर किया गया मिट्टी का कार्य पूरी तरह खराब हो चुका है। इसके पुनर्निर्माण की मांग की गई। ग्राम सभा गुजरई में जल निगम द्वारा पाइप बिछाने के लिए खोदे गए रास्ते की मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। नूरपुर हथौड़ा गांव में कई लोगों के पीएम आवास को अपात्र बताकर निरस्त कर दिया गया है। गंगा देवी, मंजू, रविंद्र कुमार और श्रीनाथ के मामलों की जांच की मांग की गई है। नबीपुर, बरगावां और बिरौरी सहित कई गांवों में हर घर जल योजना के तहत कनेक्शन तो दिए गए हैं। लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी घरों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। भाकियू ने इस योजना को तत्काल चालू करने की मांग की है। बैठक में रविंद्र कुमार, विष्णु देव, विनय कुमार, सुमन सिंह, अशोक कुमार समेत कई किसान पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मलिहामऊ में हुआ भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन



**हरदोई, चसं।** मलिहामऊ में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अंतर्गत सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय राजनीति मे लाये गए परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक प्रभाष कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, विधानसभा संयोजक आजाद भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय मिश्रा सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, विधानसभा सांडी के मण्डल अध्यक्ष गण व सक्रिय सदस्य गण उपस्थित रहे।

## नपा सदर में वर्ष 2025-26 का 2,70,19,850 का लाभ का बजट पारित



**हरदोई, चसं।** सुख सागर मिश्र मधुर, अध्यक्ष नपा परि हरदोई की अध्यक्षता में नगर पालिका कार्यालय में बोर्ड की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। बजट की बैठक में वर्ष 2025-26 की अनुमानित आय 58,19,20,000 तथा 31 मार्च 2025 अनुमानित बैलेस 5,50,25,350=00 कुल 63,69,45,350=00 की आय तथा 60,99,25,500=00 का व्यय दर्शाया गया तथा वर्ष के अन्त में 2,70,19,850=00 का अवशेष रहेगा, जो लाभ की स्थिति में होगा। इस बजट में प्रत्येक वार्ड में सड़को का निर्माण, चौराहो का विकास कार्य, तथा पार्को का विकास कराया जायेगा तथा नवीन आय के स्त्रोतो को ब?ाकर नगर पालिका की आर्थिक स्थित को और अधिक सुदृढ़ किया जायेगा। नगर पालिका के कर्मचारियो को उनके वेतन भत्ते, पेशन का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत कर अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। नगर के पालिका की आय बढ़ाने के हर सम्भव प्रयास किये जायेगे। यह 2,70,19,850=00 लाभ का बजट है आय व व्यय संतुलित है। चर्चा उपरान्त बजट सर्वसम्मत से पारित किया गया तथा अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष को अग्रिम कार्यवाही हेतु अधिकृत किया गया। अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर ने सभी उपस्थित सभासदगण का नगर के विकास में दिये गये सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया गया तथा यह भी कहा गया कि हरदोई नगर के विकास में उनके द्वारा सतत् प्रयास किया जायेगा। आगे भी सभी सभासदगण से सहयोग की अपेक्षा की गयी। अधिशासी अधिकारी रामेन्द्र सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सभासदगण का आभार व्यक्त किया गया एवं उनके द्वारा नगर में संचारी रोग पखवारे में सभी की सहभागिता का अनुरोध किया गया। बैठक में पालिका के डा0 पुष्पराज गौतम कर अधीक्षक, चन्द्रकान्त अवर अभियन्ता (जल), अमित गुप्ता अवर अभियन्ता (सिविल) लेखा लिपिक विद्याभूषण आदि उपस्थित रहें।

## आरपीके के पब्लिक स्कूल सांडी बिलग्राम का 6 से 8 तक अवैध संचालन पाया गया, एफआईआर के आदेश

**हरदोई, चसं।** आरपीके पब्लिक स्कूल सांडी तिराहा बिलग्राम में स्थित स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक अवैध संचालन पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं व अर्थ दंड की वसूली के लिए भी कहा है। मालूम हो कि गौरव कुशवाहा पुत्र अशोक कुशवाहा ग्राम व पोस्ट डाभा ने आरपीके पब्लिक स्कूल सांडी रोड तिराहा के कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाओं की अवैध संचालन हेतु शिकायत की थी, जिसकी जांच में कक्षा 5 तक ही अवैध संचालन के लिए उपयुक्त पाया गया।अवैध संचालन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक क्षेत्र शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल कक्षाओं के बंद करने और एफ आई आर करने के आदेश दिए हैं।

## नई शराब की दुकान का विरोध, ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ में सोसाइटी में शराब की दुकान खोलने का विरोध हुआ है। गोमतीनगर विस्तार खण्ड स्थित सेक्टर 5 में शराब की दुकान के खिलाफ आरडब्लयूए ( रेजिडेंस वेलफेयर एसोशिएसन) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। 5 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने शिकायती पत्र के माध्यम से अपना विरोध दर्ज करवाया। सोसाइटी में शराब की दुकान को लेकर लोगों में रोष है। आरडब्लयूए अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने कहा आवासीय कालोनी में शराब की दुकान खुलना शर्मनाक है। सभी क्षेत्रीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। 3 अप्रैल को विरोध करते हुए स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सेक्टर 5 आवासीय कालोनी मकान नम्बर 5ध्761 में शराब की दुकान खुल गई है। यह मकान कालोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर सब्जी मंडी के बगल में है। इससे छोटे बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा, क्राइम ग्राफ भी बढ़ेगा। प्रतिनिधिमण्डल में शामिल मीना सिंह ने कहा हम लोग लगातार संवैधानिक तरीके से विरोध कर रहे है ।

## चारबाग स्टेशन पर चला ज्वाइंट चेकिंग अभियान

**लखनऊ, चसं।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर बुधवार को डग्गामार वाहनों के खिलाफ ज्वाइंट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 8 वाहन सीज किए गए। 56,500 रुपए समन जमा कराया गया। पीटीओ मनोज भारद्वाज व चारबाग बस स्टेशन सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक गौतम कुमार,सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक हैदरगढ़ जगदीश प्रसाद और रूपेश कुमार ने टीम के साथ चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे व आसपास अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक ट्रैवलर ,चार ई.रिक्शा और तीन ओमनी आदि वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 56,500 रूप समन जमा कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गोला फेंक में क्रिश, चेस में अमनउल्लाह और ईशाश्री ने जीते स्वर्ण पदक

**अयोध्या, चसं।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 32वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा मैदान में खिलाड़ियों को खेल की शपथ दिलाने के बाद आठों हाउस की टीमों ने मार्च पास्ट किया। कुलपति की पत्नी मीना सिंह ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कुलपति ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। सेमीफाइनल में यलो हाउस का टक्कर पिंक हाउस और ग्रीन हाउस व पर्पल हाउस आमने सामने होंगे। वहीं दूसरी तरफ वॉलीबॉल महिला वर्ग में रेड, पिंक, ग्रीन व ब्लू हाउस की टीमें सेमी फाइनल में एक दूसरे को टक्कर देंगी।सूचना मिलने तक 100 और 400 मीटर की प्रारंभिक दौड़ खत्म हो चुकी थी। फुटबॉल में आठ टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मैच चल रहा था। खेल में इंजीनीयर वी.के सिंह, अभिषेक सिंह, डॉ देवनारायण, डा. वी.पाल, जितेंद्र मौर्य, कन्हैया मिश्रा, अनुराग सिंह व आनंद दूबे की निर्णायक के रूप में मुख्य भूमिका रही। यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन की प्रतियोगिताओं में गोला फेंक के पुरुष वर्ग में पिंक हाउस के क्रिश डोंडियाल ने 9.10 मीटर दूर गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पर्पल हाउस के अजय चंद्रा ने 8.10 मीटर के साथ रजत और यलो हाउस के अमित सिंह ने 7.80 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चेस प्रतियोगिता में डॉ. नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक ग्रीन हाउस के अमनउल्लाह खान ने जीता। पर्पल हाउस के रोहन कुमार दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में ईशाश्री ने स्वर्ण और ग्रीन हाउस की प्राची आर्या ने रजत पदक जीता। वॉलीबॉल के पुरुष वर्ग में यलो, पिंक, ग्रीन और पर्पल हाउस की टीमें क्वार्टर फाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल में यलो हाउस का टक्कर पिंक हाउस और ग्रीन हाउस व पर्पल हाउस आमने सामने होंगे। वहीं दूसरी तरफवॉलीबॉल महिला वर्ग में रेड, पिंक, ग्रीन व ब्लू हाउस की टीमें सेमी फाइनल में एक दूसरे को टक्कर देंगी। सूचना मिलने तक 100 और 400 मीटर की प्रारंभिक दौड़ खत्म हो चुकी थी। फुटबॉल में आठ टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मैच चल रहा था। खेल में इंजीनीयर वी.के सिंह, अभिषेक सिंह, डॉ देवनारायण, डा. वी.पाल, जितेंद्र मौर्य, कन्हैया मिश्रा, अनुराग सिंह व आनंद दूबे की निर्णायक के रूप में मुख्य भूमिका रही। यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, टीम अध्यक्ष एवं सह अध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 73,847 और निफ्टी 22,399 के लेवल पर

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज यानी, बुधवार 9 अप्रैल को गिरावट देखने को मिली रही है। सेंसेक्स 379 अंक की गिरावट के साथ 73,847 के स्तर पर और निफ्टी में भी 136 अंक की गिरावट रही, ये 22,399 के स्तर पर बंद हुआ। आईटी, मेटल, बैंकिंग और रियल्टी शेयर सबसे ज्यादा टूटे। एनएसई का निफ्टी आईटी इंडेक्स 3ः नीचे रहे। वहीं निफ्टी मेटल 2.30ः, पीएसयू बैंक 2.20ः और निफ्टी रियल्टी 2.00ः गिरे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार 9 अप्रैल को नीतिगत दर रीपो रेट को 0.25ः घटाकर 6.0ः करने का ऐलान किया। आरबीआई ने अपनी पिछली बैठक (7 फरवरी) में रेपो रेट को 25 आधार अंक घटाकर 6.25ः कर दिया था। तब से अमेरिका के सख्त टैरिफके कारण आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई है। इससे केंद्रीय बैंक से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई थी। अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव अब और ज्यादा गहरा सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया है कि अमेरिका बुधवार (8 अप्रैल) को पूर्वी समयानुसार रात 12.01 बजे (0401 जीएमटी) से चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लागू करेगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह फैसला अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार विवाद को और बढ़ा सकता है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि चीन जैसी कुछ देश अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में ट्रंप ने कई बार विदेशी देशों पर यह आरोप लगाया कि वे अमेरिकी सामान पर भारी टैक्स लगाते हैं और अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट, मंदी की आशंका गहराई, चार साल के निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया एक बार फिर वैश्विक मंदी की चपेट में आने की कगार पर है। इसका प्रमुख कारण है अमेरिका-चीन के बीच बढ़ता टैरिफयुद्ध और सऊदी अरब द्वारा तेल कीमतों में कटौती का ऐलान, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड चार साल के निचले स्तर पर आ चुका है, जिससे वैश्विक मंदी का खतरा एक बार फिर मंडराने लगा है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 3.5ः गिरकर 60.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 57.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, अमेरिका-चीन के बीच तेज होता व्यापार युद्ध वैश्विक मांग पर दबाव डाल रहा है। साथ ही सऊदी अरब द्वारा तेल उत्पादन बढ़ाने और कीमतें कम करने की घोषणा ने बाजार में गिरावट को और तेज कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल तक लुढ़क सकता है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ओपेक और रूस सहित सहयोगी देशों द्वारा मई में 411,000 बैरल प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाने का निर्णय भी कीमतों में गिरावट की एक बड़ी वजह बना है। इससे बाजार में अतिरिक्त आपूर्ति (सरप्लस) की आशंका बढ़ी है। वहीं, चीनी विश्लेषक लिन ने कहा, ट्रैरिफको लेकर चीन की आक्रामक नीति और अमेरिका के कड़े रुख से समझौते की संभावना कमजोर हो गई है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव और गहराया है। इसका असर पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

### सोने ने पकड़ी रफ्तार, चांदी में आई गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** बुधवार (9 अप्रैल) को सोने की कीमतों में तेजी जारी है जबकि चांदी की कीमत में मामूली गिरावट आई है। खबर लिखे जाने के समय एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ 88,444 रुपए प्रति 10 ग्राम वहीं चांदी की बात करें तो ये 88,750 रुपए प्रति किग्रा पर कारोबार कर रही थी। इससे पहले मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए गिरकर 91,250 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,450 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपए गिरकर 90,800 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबार में यह 91,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, पिछले पांच सत्रों की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में उछाल आया और यह 200 रुपए बढ़कर 92,700 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम था। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 3,007.60 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### मिशन रोजगार के तहत आईटीआई अलीगंज में टाटा मोटर्स का कैम्पस ड्राइव सम्पन्न

**लखनऊ, चसं।** अलीगंज मे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ द्वारा कैम्पस ड्राइव व शिशिक्षु मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को मेहनत व लगन के साथ कार्य कर संस्थान का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया तथा टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि अनुज वर्मा से आग्रह किया कि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं।

ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खाँ ने बताया इस कैम्पस ड्राइव में कुल 183 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 125 अभ्यर्थी चयन की प्रक्रिया हेतु अर्ह पाए गए। साक्षात्कार के उपरांत 92 अभ्यर्थियों को नौकरी का प्रस्ताव दिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को शिशिक्षु के रूप में 13,060 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड तथा अस्थायी कामगार के रूप में 14,827 रुपए प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।


# 159 रन पर सिमटी राजस्थान, 58 रन से गुजरात जीता

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**अहमदाबाद/गांधीनगर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 23वें मुकाबले में आज गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स को 58 रन से हराया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 159 रन ही बना सकी। हेटमायर ने अर्धशतकीय पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 217 बनाए। साई सुदर्शन ने 82 रन की पारी खेली। उनके अलावा जोस बटलर और शाहरुख खान के 36-36 रन बनाए। 18वें सीजन का पहला मैच हारने के बाद गुजरात जीत की हैट्रिक लगा चुकी है। आज अपने घर पर गुजरात चौथी जीत दर्ज की है। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स को दो जीत के बाद पहली हार मिली है। इस जीत के साथ ही गुजरात प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स दो जीत और तीन हार के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई है। हार के बाद संजू सैमसन ने बताया कि राजस्थान रॉयल्स ने कहं मैच गंवाया। साई सुदर्शन की 82 रनों की पारी की बदौलत गुजरात टाइटन्स ने अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। उनका साथ दिया जोस बटलर सहित शाहरुख खान ने, जहां से गुजरात टाइटंस 217 रन बनाने में सफल रही और 58 रनों से यह मैच जीतकर टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन और शिमरन हेटमायर की पारियां यहां पर राजस्थान रॉयल्स के काम नहीं आ पाई हैं। गुजरात टाइटंस के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की है और राशिद खान को भी दो विकेट मिले हैं, अंत में साई किशोर भी दो विकेट ले गए। हार के बाद संजू निराश दिखे। संजू सैमसन ने कहा, हमने गेंदबाजी में 15-20 रन अतिरिक्त दे दिए। जब हमें गति



की आवश्यकता थी, तब हमने विकेट खो दिए। हेटमायर के साथ, छक्के और चौके आते रहे। लेकिन मैंने अपना विकेट खो दिया और यहीं से हमने मैच खो दिया। सैमसन ने कहा, जोफ्रा ने जिस तरह से शुरुआत की वह अच्छी थी, उसने शुभमन का विकेट लिया। फिर हम योजना से भटक गए। हमें कल इस पर विचार करना होगा। जब आप गेम हारते हैं, तो हमें भी लगता है कि क्या हमें लक्ष्य का पीछा करना चाहिए था? क्या हमें कुछ और करना चाहिए था? लेकिन हम ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो लक्ष्य का पीछा करते हुए गेम जीते, न कि केवल पहले बल्लेबाजी करते हुए। गौरतलब हो कि गुजरात टाइटन्स ने इस जीत के साथ प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके अब 8 अंक हो गए हैं। पांच में से गुजरात ने एक मैच गंवाया है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स तीसरी लगातार जीत नहीं दर्ज कर सका। राजस्थान के चार अंक हैं। वह पांच मैच में से दो ही जीत सकी है।

**साई सुदर्शन ने अहमदाबाद में रचा इतिहास, ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय बल्लेबाज :** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने आईपीएल में इतिहास रच दिया है। साई सुदर्शन ने वो काम कर दिखाया है, जो आज से पहले किसी भारतीय बल्लेबाज ने नहीं किया था। सुदर्शन ने एक ही मैदान पर लगातार पांच बार 50 या उससे ज्यादा की पारी खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। हालांकि, आरसीबी के लिए खेलते हुए एबी डिविलियर्स ने भी ऐसा कारनामा किया था। साई सुदर्शन ने आईपीएल में फिर से अपनी टीम के लिए कमाल की पारी खेली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस को पहला झटका जल्द ही लग गया था, जब कप्तान शुभमन गिल सस्ते में आउट हो गए। शुभमन गिल केवल दो ही रन बना सके। इसके बाद उन्होंने जॉस बटलर के साथ मिलकर अपनी टीम को संकट से निकाला। साई सुदर्शन इस साल आईपीएल में अपने 200 रन भी पूरे कर लिए हैं। वे इस साल आईपीएल में 200 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस बीच रिकॉर्ड की बात करें तो साई सुदर्शन ऐसे पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल के एक ही मैदान पर लगातार पांच बार 50 से ज्यादा रन का स्कोर किया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर साई सुदर्शन ने साल 2024 में बैक टू बैक दो 50 रन से ज्यादा की पारी खेली थीं। इसके बाद इस साल भी उन्होंने इसी मैदान पर लगातार तीन बार 50 रन से ज्यादा की पारी खेली है। इससे पहले किसी भारतीय ने ऐसा नहीं किया था। हालांकि, साल 2018 से लेकर 2019 तक आरसीबी के लिए खेलते हुए ए?बी डिविलियर्स ने भी ऐसा ही कमाल किया था। अब सुदर्शन ने उनकी बराबरी कर ली है।

**सुदर्शन का उम्दा प्रदर्शन :** गौरतलब हो कि साई सुदर्शन ने इस सीजन अहमदाबाद में पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी 63 रनों की बेहतरीन पारी आई थी। दो मैच अहमदाबाद के बाहर खेला, लेकिन बल्ला नहीं चला। हालांकि, अहमदाबाद लौटे, उनके बल्ले से रन आने शुरू हो गए। साई को अपना होम ग्राउंड काफी रास आता है। यहां वे खूब रन बन रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 24वें मुकाबले में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच टक्कर देखे को मिलेगी। आईपीएल 2025 में रजत पाटीदार की कप्तानी वाली RCB ने अब तक 4 मैच खेले हैं और 3 अपने नाम किए हैं। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स विजयी रथ पर सवार है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम ने अब तक हार का मुंह नहीं देखा है और लगातार 3 मैच जीते हैं। अब टीम की कोशिश चौथी जीत पर होगी। आएइ जानते हैं कि बेंगलुरु और दिल्ली का मैच कब और कहां खेला जाएग। फैंस इस मुकाबले को कैसे देख सकते हैं।

**जिस गेंदबाज ने लुटाए रन उसकी हुई प्लेइंग इलेवन में एंट्री, गुजरात ने दिखाई है चालाकी :** आईपीएल 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच है। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। राजस्थान रॉयल्स ने अहमदाबाद की पिच को देखते हुए एक बदलाव किया है। वहीं, गुजरात बिना बदलाव के उतरी है। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर बिना देरी किए गेंदबाजी करने का फैसला किया। सैमसन ने कहा कि अहमदाबाद की परिस्थितियों के कारण पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं,

■ **साई सुदर्शन की बेहतरीन खेल**

प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव के बारे में कहा कि हसरंगा अपने निजी कारण की वजह से यह मैच नहीं खेल रहे हैं। संजू सैमसन ने कहा, हम यहां की परिस्थितियों के कारण पहले गेंदबाजी करना चाहेंगे। यहां ओस पड़ने वाली है। आईपीएल में प्रत्येक खेल महत्वपूर्ण है, हम पिछले दो मैचों के आभारी हैं और गति को आगे ले जा रहे हैं। यह एक बहुत ही नई टीम है, टीम में नए लोग हैं, हमने छह लोगों को रिटेन किया, लेकिन यह अभी भी एक नई टीम है। विकेट वास्तव में अच्छा लग रहा है और यह सही रहेगा। हसरंगा व्यक्तिगत कारणों से बाहर हो गए, फारूकी को टीम में शामिल किया गया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 159 रन ही बना सकी। हेटमायर ने अर्धशतकीय पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 217 बनाए। साई सुदर्शन ने 82 रन की पारी खेली। उनके अलावा जोस बटलर और शाहरुख खान के 36-36 रन बनाए।

वहीं, शुभमन गिल ने कहा, मैं भी पहले गेंदबाजी करता। पिछले कुछ मैचों को देखें तो दूसरी पारी में ओस पड़ गई है, लेकिन हमने यहां पहले बल्लेबाजी की है। हम एक बार में एक गेम पर ध्यान दे रहे हैं और इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि हमने कितने गेम जीते हैं। अगर शीर्ष 3 या 4 खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो मैं इससे खुश हूं। हमने वास्तव में अच्छा होम रन बनाया है और उम्मीद है कि हमारे लिए कुछ भी नहीं बदलेगा, फैंस का समर्थन हमेशा जबरदस्त रहा है। टीम में कोई बदलाव नहीं है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला आज :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसान शाम 7:30 बजे शुरू होगा। वहीं टॉस आधा घंटे पहले शाम 7 बजे होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले को टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम में रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), फिल सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख दार सलाम, स्वप्निल सिंह, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह शामिल हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स टीम में केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल (कप्तान), जैक फ्रेजर मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, करुण नायर, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, फाफ डु प्लेसिस, टी नटराजन, त्रिपुराना विजय, दुष्मंथा चमीरा, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल, माधव तिवारी को सम्मिलित किया गया है। वहीं दूसरी ओर आईपीएल 2025 में विराट कोहली का बल्ला चल रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान ने हाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में 67 रन बनाए। आईपीएल 2025 के पहले मैच में कोहली ने 59* रन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 31 और गुजरात टाइटंस के खिलाफ 7 रन बनाए। कोहली एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल के सभी सीजन एक फ्रेंचाइजी के लिए खेले हैं। बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में विराट कोहली का बल्ला आग उगल रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान कोहली ने हाल ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 42 गेंदों में 67 रन ठोके। आईपीएल 2025 के पहले मैच में कोहली ने 59* रन बनाए, उसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 31 और गुजरात टाइटंस के खिलाफ 7 रन बनाए। जियो हॉटस्टार पर विराट कोहली के विशेष कार्यक्रम 18 कॉलिंग 18 में उन्होंने अपने पुराने भारतीय और दिल्ली के साथी ईशांत शर्मा से जुड़ी स्लेजिंग की घटना सुनाई। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए खेले गए मैच को याद करते हुए कोहली ने कहा कि ईशांत जिस तरह से गेंदबाजी कर रहे थे, उससे वह डर गए थे। कोहली ने कहा, दिलचस्प बात यह है जिसके बारे में मैंने कभी बात नहीं की। ईशांत और मैंने अपना सारा क्रिकेट एक साथ खेला है, इसलिए मैंने उनका बहुत सामना किया है। उस खेल में मुझे लगा कि वह एक अलग लेबल पर गेंदबाजी कर रहे थे और यही दबाव था। अगर मैंने नेट्स में उनका सामना किया होता, तो मुझे डर नहीं लगता, लेकिन उस दिन मुझे लगा कि मैं उनकी किसी भी गेंद को हिट नहीं कर सकता। ऐसा माहौल और दबाव के कारण था। विराट ने कहा कि ईशांत उस समय ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बहुत हिट रहे थे और उन्हें स्लेजिंग कर रहे थे।

कोहली ने कहा, हम अलग-अलग होटलों में ठहरे थे, इसलिए खेल के बारे में कोई बातचीत नहीं हुई। वह बहुत स्लेजिंग कर रहे थे। वह अभी ऑस्ट्रेलिया से वापस आया था, उसने नया हेयरस्टाइल बनाया था, इसलिए उसका रवैया स्टार जैसा था। मैंने कहा, साइड में आ में तेरे को बताता हूं। हालांकि, सब मौज-मस्ती और खेल था।

# 123 दिनों से जारी क्रिकेट चैम्पियनशिप का हुआ ग्रैंड फिनाले, 50 हजार दर्शक बने गवाह











■ **जहां खेल है, वहां ऊर्जा है और जहां ऊर्जा है, वहीं विकास, स्पोर्ट्स लीग का सतत आयोजन करवाकर यूथ आइकॉन बनें विधायक डॉ. राजेश्वर**

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** देश भर में जारी आईपीएल फीवर के बीच सरोजनीनगर के ग्रासरूट आईपीएल कहे जाने वाले इंटर क्लब क्रिकेट चैम्पियनशिप का ग्रैंड फिनाले शानदार अंदाज में खेला गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा 'सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग' की शुरुआत की गयी है। इसी स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत पिछले 123 दिनों से इंटर स्कूल और इंटर क्लब क्रिकेट चैम्पियनशिप के मुकाबले खेले जा रहे थे। बुधवार को सीएमएस ग्राउंड, कानपुर रोड में आयोजित ग्रैंड फिनाले में सैनिक सुपर किंग्स और हार्टलेस 11 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी चौके छक्के लागकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते नजर आये।

भीषण गर्मी के बावजूद ग्राउंड पर मौजूद दर्शकों में गजब का उत्साह था। क्रिकेट ग्राउंड में तालियों की गूंज और युवाओं का जोश खिलाडियों का उत्साह बढ़ा रहा था। मैच की शुरुआत विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा टॉस कर की गयी, सैनिक सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ, हार्टलेस 11 ने मैच को 66 रनों से जीत कर चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 50 हजार की नगद पुरस्कार राशि भी अपने नाम की। डॉ. सिंह द्वारा सैनिक सुपर किंग्स को उपविजेता ट्रॉफी और 25,000 की राशि प्रदान की गयी। मैन ऑ? दि मैच अक्षय गुप्ता को 5,000, मैन ऑफ दि सीरीज सतेन्द्र प्रताप सिंह को 5,000 की प्रोत्साहन राशि और शील्ड तथा दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को 1,000 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग बनी लखनऊ की सबसे बड़ी खेल प्रतिस्पर्धा :** सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत आयोजित होने वाली यह छठवीं प्रतियोगिता है, लीग की शुरुआत 4 दिसंबर 2022 को अंडर -19 गर्ल्स बास्केटबाल टूर्नामेंट के आयोजन के साथ की गयी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की करीब 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। दूसरे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 3,500 खिलाडियों ने हिस्सा लिया, तीसरे चरण में फुटबॉल टूर्नामेंट, चौथे चरण में वॉलीबॉल चैंपियनशिप, पांचवे चरण में इंटर मंडल क्रिकेट चैम्पियनशिप और छठे चरण में पुनः इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैम्पियनशिप में 158 मुकाबले खेले गए, 166 टीमों के 2400 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इंटर स्कूल चैम्पियनशिप का ग्रैंड फिनाले 14 फरवरी को जय जगत ग्राउंड पर खेला था। विधायक डॉ. सिंह ने विजेता टीम को 50 हजार उपविजेता टीम को 25 हजार व अन्य श्रेणियों में खिलाडियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया था।

क्रिकेट चैम्पियनशिप के छठे चरण की घोषणा करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सातवें चरण के खेलों की घोषणा भी की। डॉ. सिंह ने कहा सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के सातवें चरण में इंटर स्कूल और इंटर क्लब बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवाओं को फिट और एक्टिव रखने के लिए 3 किलोमीटर की क्रॉस कंट्री रेस प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन भी किया जाएगा। खिलाड़ियों, आयोजन समिति से सदस्यों और विजेता - उप विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं का मार्गदर्शन - उत्साहवर्द्धन भी किया। विधायक ने कहा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों ने आखिरी बॉल पर छक्का मारा ये समर्पण ही जीवन में जीत की तरफ ले जाता है। खेल आयोजन के दौरान विधायक ने खिलाड़ियों में दिखी खेल भावना, अनुशासन और मानवीयता की सराहना की। विधायक ने भविष्य में बढती पर्यावरणीय चिंताओं, एआई डिजिटल युग और बढ़ते कॉम्पटीशन का उल्लेख करते हुए युवाओं को फिट रहने के लिए सर्वाधिक आवश्यक बताया । डॉ. सिंह ने कहा सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग को खेलों के अलावा सामुदायिक भावना को मजबूत करने, एक दूसरे के साथ जुड़ने का माध्यम भी है। डॉ. सिंह ने पार्षद सौरभ सिंह मोनू और लीग आयोजन समिति के सदस्य शैलेन्द्र सिंह, सुमन सिंह, पंकज त्रिपाठी आदि की सराहना भी की। इस अवसर पर कर्नल दया शंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्या एवं शिव बक्श सिंह, भाजपा नेता शंकरी सिंह, पार्षद कृष्ण नारायण सिंह, साधना गुप्ता, हिमाशु अम्बेडकर, चन्द्र भूषण पाण्डेय, मनीष द्विवेदी, अजय सिंह, अमृता वर्मा, रज्जन सिंह, करुणेश प्रताप सिंह सेंगर, नवीन तिवारी, अंजलि बाजपेई, ओम प्रकाश यादव व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म ओडेला 2 का ट्रेलर रिलीज



बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया अलौकिक थ्रिलर ओडेला 2 का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। यह शानदार ट्रेलर मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी गैलेक्सी सिनेमा में एक भव्य आयोजन के दौरान लॉन्च किया गया, जो बड़े पैमाने पर बनने वाली मनोरंजक फिल्मों के लिए एक प्रसिद्ध स्थल है। यह ज्ञात है कि ओडेला-रेलवे स्टेशन की जबरदस्त सफलता के बाद, मेकर्स ने ओडेला 2 पेश किया है, जो एक ऐसा सीक्वल है जिसमें एक्शन, ड्रामा, भावनाएं और एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव शामिल होगा। ट्रेलर ने इन सभी तत्वों को बखूबी दर्शाया है। तमन्ना भाटिया के दमदार लीड रोल के साथ, मेकर्स और पूरी टीम एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने की उम्मीद कर रहे हैं, जब फिल्म 17 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। भारी बजट में बनी ओडेला 2 में एक शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें वशिष्ठ एन. सिम्हा, हेबा पटेल, मुरली शर्मा, शरथ लोहिताश्व, श्रीकांत अयंगर, नागा महेश, वामशी, गगन विहारी, सुरेंद्र रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी शामिल हैं। फिल्म पूरे भारत में 17 अप्रैल 2025 को भव्य थिएट्रिकल रिलीज के लिए तैयार है। इसे मदु क्रिएशंस के तहत डी. मधु द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

हिंदी संस्करण को एडवाइज मूवीज बैनर के तहत आदित्य भाटिया पेश करेंगे, जबकि जय विराट्रा एंटरटेनमेंट लिमिटेड इसके हिंदी क्षेत्रों में वितरण को संभालेगा। फिल्म में रोमांचक कहानी, बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस और दिल दहला देने वाला बैकग्राउंड स्कोर होगा, जिससे दर्शकों को एक भव्य विजुअल अनुभव मिलेगा। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है, जबकि इसकी कहानी, पटकथा, संवाद और निर्देशन पर्यवेक्षण संपत नंदी ने किया है। फिल्म का संगीत बी. अजनीश लोकनाथ ने दिया है। फिल्म को लेकर उत्साह अपने चरम पर है, और ट्रेलर ने इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। वहीं दूसरी ओर बॉलीवुड में आए दिन ब्रेकअप की खबरें सुनने को मिलती हैं। इन दिनों भी तमन्ना भाटिया और एक्टर विजय वर्मा के ब्रेकअप की खबर चर्चा में है। इन्हीं खबरों के बीच तमन्ना भाटिया को एक फैशन शो देखा गया। इस रैंप वॉक का वीडियो तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया। तमन्ना की रैंप वॉक को फैंस ने भी खूब सराहा है। देखिए, तमन्ना भाटिया का वो खास रैंप वॉक वीडियो। तमन्ना भाटिया ने हाल ही में एक फैशन शो में रैंप वॉक किया। वह फाल्गुनी पीकॉक की डिजाइनर ड्रेस में नजर आई। ब्लैक, गोल्डन पैटर्न वाली इस ड्रेस में तमन्ना बला की खूबसूरत नजर आई। तमन्ना ने भी रैंप वॉक को एक बेहतरीन अनुभव बताया। तमन्ना ने फैशन शो में रैंप वॉक करने का यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया। इस वीडियो को देखकर उनके फैंस ने भी इंस्टाग्राम पोस्ट पर रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 'तमन्ना का कॉन्फिडेंस कमाल का है।' वहीं कुछ यूजर्स ने तमन्ना को अपना क्रश बताया। इसके अलावा बाकी यूजर्स ने तमन्ना भाटिया की खूबसूरती की तारीफ की। विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में रहे। हाल ही में इनके अलगाव की खबरें सुनने को मिली। लेकिन इस बारे में अब तक विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया ने ब्रेकअप को लेकर चुप्पी नहीं तोड़ी है। लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के साथ दिखना अब बंद कर दिया है। दोनों अपने काम में पूरी तरह से व्यस्त दिखते हैं। लगता है कि इस तरह से दोनों अपने ब्रेकअप से उबरने की कोशिश में लगे हुए हैं। तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' है। यह एक सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक अशोक तेजा हैं। फिल्म 'ओडेला 2' को 'ओडेला रेलवे स्टेशन' की अगली कड़ी बताया जा रहा है। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर लोगों की बढ़ती जिज्ञासा पर बात की। वह जानती हैं कि लोग हमेशा उनके बारे में जानना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट हैं और केवल वही शेयर करती हैं, जिसमें वो सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने निजता को कैसे बनाए रखती हैं वो भी तब जब लोग उनके बारे में और अधिक जानना चाहते हैं। तमन्ना ने बताया, मुझे लोगों से मिलना-जुलना पसंद है। मुझे लोग अच्छे लगते हैं। मुझे हवाई अड्डे पर लोगों से मिलना जुलना अच्छा लगता है, मैं लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाती हूं। मैं ये सब बहुत खुशी से कर रही थी। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने एक किस्सा भी शेयर किया।

उन्होंने बताया कि कैसे एक शख्स उन्हें देखते-देखते थक गया था। अभिनेत्री ने कहा, उसने मुझसे कहा, सुनो, मैं तुम्हें ये करते हुए देखकर थक गया हूं। क्या तुम्हें थकान नहीं होती? मैंने जवाब दिया, सुनो, मैंने ये काम चुना है। मैंने लोगों के बीच रहना चुना है। मैंने एक तरह से लोगों के लिए खुद को चुना है। वह अपनी पसंद से खुश हैं और उन्हें लोग पसंद हैं। मुझे अचानक घटने वाली चीजों से कोई परेशानी नहीं है। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अजनबियों से बात करना बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये एक खास अनुभव होता है, क्योंकि इससे आप ज्यादा गहराई से बातचीत कर पाते हैं। मैं अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट हूं। जितना मुझे ठीक लगता है, उतना ही मैं शेयर करती हूं। मुझे इस बारे में कोई शिकायत नहीं है। तमन्ना ने 2005 में फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अपने करियर की शुरुआत की थी। 86 फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि आज मैं जिस मुकाम पर हूं, उसका सबसे अच्छा हिस्सा ये है कि मैं समझती हूं कि मेरी जिंदगी में हर मोड़ क्यों महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा, मैं उन उतार चढ़ावों के लिए बहुत आभारी हूं। अगर वे उतार-चढ़ाव न होते, तो मैं कभी सीख ही नहीं पाती। इसलिए हर उतार-चढ़ाव ने मुझे वास्तव में विकसित होने का अवसर दिया। वह इन मोड़ों को एक अवसर मानती हैं, पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज, अपने करियर के 20 सालों को देखकर, मुझे यह नजरिया मिला है। मैं सच में मानती हूं कि हर मोड़ और बदलाव एक मौका था और मैं उनके लिए आभारी हूं। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और आध्यात्मिक पहलू के साथ बनाई जा रही है। एक्ट्रेस ने यह भी कहा है कि यह फिल्म आज के समाज में आने वाली समस्याओं पर केंद्रित होगी। ओडेला 2 के बारे में बात करते हुए तमन्ना ने बताया, यह एक फैंटेसी मूवी है और इसे थिएटर में देखना अनुभव शानदार है। इसमें सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और थोड़ा सा आध्यात्मिक पहलू भी है। इन सभी चीजों ने मुझे बहुत आकर्षित किया। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें ऐसी फिल्में पसंद हैं क्योंकि वे लार्जर दैन लाइफ होती हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस तरह का सिनेमा पसंद है, क्योंकि बचपन में मुझे ऐसी फिल्में पसंद थीं, जो लार्जर दैन लाइफ होती हैं और आपको एक अलग दुनिया में ले जाती हैं। मुझे पता चला कि फिल्म का टीजर पहली बार काशी में लॉन्च किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि फिल्म आज के समय की समस्याओं पर केंद्रित है। एक्ट्रेस ने कहा, यह आज हमारे लिए कुछ हद तक प्रासंगिक है, यह उन मुद्दों और समस्याओं से संबंधित है, जिनका हम आज एक समाज के रूप में सामना करते हैं। यह अंत में आपको बहुत बड़ा और सशक्त संदेश देती है। तमन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि फिल्मों को ऐसा ही करना चाहिए। उन्हें आपको उम्मीद देनी चाहिए, क्योंकि यही कारण है कि मैंने एक्ट्रेस बनने का निर्णय लिया। मैं एक्ट्रेस इसलिए बनी, क्योंकि इसने मुझे आशावादी बनाया। यह फिल्म भी लोगों को यही एहसास दिलाएगी। बता दें कि ओडेला 2 अशोक तेजा द्वारा निर्देशित एक थ्रिलर फिल्म है। **:: एजेंसी**

**तमन्ना भाटिया के दमदार लीड रोल के साथ, मेकर्स और पूरी टीम एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने की उम्मीद कर रहे हैं, जब फिल्म 17 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। भारी बजट में बनी ओडेला 2 में एक शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें वशिष्ठ एन. सिम्हा, हेबा पटेल, मुरली शर्मा, शरथ लोहिताश्व, श्रीकांत अयंगर, नागा महेश, वामशी, गगन विहारी, सुरेंद्र रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी शामिल हैं।**

## बिग बॉस में आम आदमी के जाने पर करण पटेल की विवादित टिप्पणी-नहीं चाहता कोई सब्जी या दूधवाला शो में दिखे

टीवी जगत के मशहूर एक्टर करण पटेल इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में एक्टर भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उन्होंने कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए। इस दौरान उनके एक बयान ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार बना दिया। तो आइए जानते हैं आखिर करण पटेल ने इस शो में ऐसी क्या बातें की.. पॉडकास्ट के दौरान करण पटेल ने बताया कि उन्हें पिछले छह सालों से कोई नया शो ऑफर नहीं किया गया है। उन्होंने खुलासा किया कि इस वक्त वह इंडस्ट्री में सक्रिय नहीं हैं और इसका उन्हें दुख है। करण ने ये भी कहा कि वह काम करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अच्छे प्रोजेक्ट्स का ऑफर नहीं मिल रहा है। उनका मानना है कि नए शो के अभाव में वह खुद को खाली महसूस कर रहे हैं। जब करण से पूछा गया कि वह बिग बॉस जैसे शो में क्यों नहीं नजर आते, तो उन्होंने कहा कि बिग बॉस के हालिया सीजन में आम लोग भी आ जाते हैं और इससे शो की गुणवत्ता और रोमांच में गिरावट आई है। उन्होंने ये भी कहा कि वह नहीं चाहते कि कोई सब्जी वाला या दूधवाला उनके साथ शो में दिखे। एक्टर के इस बयान पर सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया और लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। कुछ यूजर्स ने उन्हें 'घमंडी' और 'भेदभावपूर्ण' बताया। वहीं, कइयों ने यह भी कहा कि बिग बॉस जैसे रियलिटी शोज का फॉर्मेट सभी के लिए खुला है और आम लोग भी मेहनत और टैलेंट के बल पर शो का हिस्सा बन सकते हैं। बता दें, करण पटेल को ये हैं मोहब्बतें में रमन भल्ला के रोल से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी, लेकिन इन दिनों वह इंडस्ट्री में एक्टिव नहीं हैं। एक्टर ने बताया कि उन्हें पिछले 6 सालों से कोई रोल ऑफर नहीं हो रहे। **:: एजेंसी**

## पवन सिंह के लिए अक्षरा के बेबाक बोल



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को भला कौन नहीं जानता। एक समय था जब अक्षरा भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह संग अपने रिलेशनशिप को लेकर खूब सुर्खियों में थीं, लेकिन दोनों का यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल सका। पवन सिंह ने अचानक किसी और से शादी कर ली, जिससे अक्षरा को गहरा झटका लगा।अब पवन और अक्षरा के बीच रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। दोनों एक-दूसरे पर बयानबाजी करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। हाल में अक्षरा ने एक इंटरव्यू में पवन सिंह को लेकर साफ-सीधी बातें कीं। दरअसल, अक्षरा सिंह ने हाल ही में एक पॉडकास्ट 'का हाल बा' में खुलकर अपने दिल की बात की। जब उनसे पूछा गया कि अगर कभी उनका पवन सिंह से सामना होता है, तो क्या वे सामान्य बातचीत करेंगी? इस पर अक्षरा ने साफऔर दो टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा- अक्षरा सिंह नाम है मेरा, एक बार थूक दिया तो चाट नहीं सकती। पलटकर नहीं देखती। यही मेरा जीने का तरीका है। अक्षरा ने आगे कहा, काम के लिए भी मैं कभी किसी के आगे नहीं झुकी हूं। मर जाना पसंद करूंगी, लेकिन गलत के सामने नहीं झुकेगी। यही मेरी शख्सियत है। अक्षरा ने यह भी माना कि उनके इस रवैये के कारण उनके करियर में कुछ नुकसान भी हुआ, लेकिन वे अपने उसूलों से कभी समझौता नहीं करेंगी। इससे पहले पवन सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि आज जो अक्षरा सिंह गा रही हैं, वह उनकी वजह से है। इस पर अक्षरा का जवाब था, अगर ऐसा कहने से उन्हें खुशी मिलती है, तो कहने दीजिए। मुझे फर्क नहीं पड़ता। **:: एजेंसी**

## गर्मियों में खीरे से पाऐं दमकती त्वचा ब्यूटी क्वीन शहनाज हुसैन से लें टिप्स

भीषण गर्मियों में त्वचा को जीवंत और मुलायम बनाए रखने के लिए खीरा सदियों से उपयोग में लाया जाता रहा है। यह गर्मियों में सबसे सस्ता, हर जगह उपलब्ध और प्राकृतिक उत्पाद है। खीरे में 96 फीसदी जल तत्व मौजूद होते हैं, जिसकी वजह से आप खीरे को किसी भी प्राकृतिक उत्पाद में मिलाकर फेस पैक बना सकते हैं। खीरे में विद्यमान पानी की अधिकता की वजह से यह गर्मियों में आपके शरीर में नमी के संतुलन को बनाए रखता है, जिससे त्वचा में कील, मुहांसों, झुर्रियों और आंखों के नीचे सूजन जैसी समस्याओं को रोकने में मदद मिलती है।

गर्मी के मौसम में खीरे को सलाद, रायता और स्प्राउट्स में शामिल करके खाने से शरीर में पानी की मात्रा भरपूर रहती है और खीरा शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। खीरा जितना सेहत के लिए अच्छा है, उससे कहीं ज्यादा यह बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। खीरे का इस्तेमाल मुंहासे से लेकर निर्जीव त्वचा को आकर्षक बनाने के लिए किया जा सकता है। गर्मियों में खीरा लगाने से त्वचा की रंगत में निखार आता है। खीरे के रस में मौजूद गुण कील-मुहांसों और डार्क सर्किल्स के उपचार में मददगार साबित होते हैं। अगर आप आंखों के नीचे सूजन की समस्या झेल रही हैं, तो खीरा आपके लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

## खाली जेब रहने के कारण हैं ये 5 आदतें, नहीं टिकता पैसा

आचार्य चाणक्य द्वारा रचित चाणक्य नीति में जीवन को सुधारने के कई महत्वपूर्ण सिद्धांत दिए गए हैं।

इन सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति का जीवन बेहतर हो सकता है और धन के मामलों में भी सफलता मिल सकती है। चाणक्य ने कुछ ऐसे लोगों का उल्लेख भी किया है जिनके हाथ में कभी पैसा नहीं रुकता। चाणक्य नीति के अनुसार, जो लोग अपनी स्वच्छता का ध्यान नहीं रखते, गंदे रहते हैं या मैले कपड़े पहनते हैं, उनके पास कभी भी धन नहीं टिकता। यदि किसी व्यक्ति की शारीरिक स्वच्छता पर ध्यान नहीं है, जैसे कि उसके दांतों पर गंदगी रहती है, तो वह हमेशा पैसों की समस्या से जूझता है। आचार्य चाणक्य का मानना है कि मां लक्ष्मी उस स्थान पर वास करती हैं जो साफ-सुथरा होता है। इसलिए अगर किसी व्यक्ति के पास धन नहीं टिकता, तो उसे अपनी स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। चाणक्य ने यह भी कहा है कि जिनका पूरा ध्यान सिर्फ खाने पर रहता है और जो हमेशा भुक्खड़ स्वभाव के होते हैं, वे भी कभी समृद्धि की ओर नहीं बढ़ पाते। ऐसे लोग धन की कमी से संघर्ष करते रहते हैं क्योंकि उनका ध्यान केवल तात्कालिक सुखों पर होता है, न कि दीर्घकालिक लक्ष्यों पर। इसलिये आचार्य चाणक्य का यह उपदेश है कि किसी भी काम में संयम और संतुलन बनाकर चलना चाहिए, खासकर भोजन में। अगर कोई व्यक्ति सूर्योदय से पहले बिस्तर से नहीं उठता और दिन की शुरुआत में आलस्य करता है, तो चाणक्य के अनुसार उसके पास कभी भी धन नहीं टिकता।



आलस्य से दिन की शुरुआत करना, किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने में रुकावट डालता है। इसलिए, आचार्य चाणक्य का संदेश है कि एक व्यक्ति को अपने दिन की शुरुआत जल्दी और ऊर्जा से करनी चाहिए ताकि सफलता और समृद्धि की ओर बढ़े। **:: लोकल डेस्क**

## ब्रह्मकुमारीज प्रमुख दादी रतनमोहिनी का 101 की उम्र में निधन, भारी मन से डायरेक्टर सुभाष घई ने दी श्रद्धांजलि

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख और वरिष्ठ आध्यात्मिक साधिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 साल की उम्र में निधन हो गया। अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में सोमवार की रात 1:20 बजे उन्होंने अंतिम सांस लीयउनके पार्थिक शरीर को मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ के लिए रखा गया है। 10 अप्रैल की सुबह 10 बजे राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं अब फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर सुभाष घई ने भी भारी मन के साथ राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को श्रद्धांजलि दी। उनका एक वीडियो सामने आय है जिसमें वह राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को श्रद्धांजलि देते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा-मुझे ये जानकार बहुत दुख हुआ कि हमारी ब्रह्माकुमारी की दादी रतनमोहिनी जी 101 साल की आयु यात्रा पूर्ण कर स्वर्गवास हुई। हमें उन्होंने बहुत मार्गदर्शन दिया, शांति और आध्यात्मिकता की तरफले जाने का प्रयत्न किया। हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। मेरे प्रार्थना है ईश्वर से कि उनकी आत्मा को शांति दे क्योंकि उन्होंने हमारे जीवन में बहुत शांति प्रदान की। हम आपको हमेशा याद रखेंगे दादी। प्रणाम ओम शांति। बता दें कि 4 साल पहले दादी हृदयमोहिनी के देहावसान के बाद दादी रतनमोहिनी मुख्य प्रशासिका बनीं थीं। **:: एजेंसी**

# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### तहव्वर राणा का

आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने वाला आतंकी तहव्वुर राणा कभी भी भारत पहुंच सकता है। भारत में प्रत्यर्पण रोकने के सभी कानूनी विकल्प खत्म होने के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने राणा को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया है। भारत में पहुंचते ही राणा को मुंबई हमले की जांच कर रही एनआईए अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ करेगी। लेकिन इसके साथ ही खुफिया ब्यूरो और रिसर्च एंड एनलाइसिस विंग (रॉ) भी राणा से पूछताछ करने की तैयारी में जुटी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, भारत में कुछ और आतंकी हमलों में राणा की भूमिका के सबूत मिले हैं। इन मामलों में राणा के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रचने के मामले में भी नई एफआईआर दर्ज करने पर विचार कर रही है। वैसे आईएसआई के बहुत करीबी रहे और भारत में आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में मदद करने वाले तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बारे में एनआईए या अन्य सुरक्षा एजेंसियों का कोई भी अधिकारी खुलकर बोलने के तैयार नहीं है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक बार भारत की धरती पर आ जाने और एनआईए को उसकी कस्टडी मिल जाने के बाद ही उसके बारे में जानकारी दी जाएगी। उनके अनुसार, राणा की सुरक्षा के लिए उसके प्रत्यर्पण में बहुत गोपनीयता बरती जा रही है। उनके अनुसार फिलहाल राणा भारतीय अधिकारियों के पास है और उसे विशेष विमान से सुरक्षा के पूरे इंतजाम के साथ भारत लाया जाएगा।

माना जा रहा है कि उसे मुंबई के अति सुरक्षित आर्थर रोड जेल में रखा जाएगा। जहां पहले आतंकी अजमल कसाव और गैंगस्टर अबू सलेम को रखा गया था, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### प्रमुख सचिव डॉ.

मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों से अवगत कराया। भेंटवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश, भारत और वैश्विक स्तर पर कौशल विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. हरिओम ने स्मृति चिह्न स्वरूप एक विशेष प्रतिमा मुख्यमंत्री को भेंट की, जिसे एक दक्ष दिव्यांग कलाकार जलालुद्दीन ने निर्मित किया है।

### हत्यारोपी के घर

सुबह 9 बजे अपनी बाइक लेकर जा रहे थे। रास्ते में पप्पू सिंह का ट्रैक्टर खड़ा था। उन्होंने रास्ते से ट्रैक्टर हटाने को कहा, लेकिन पप्पू सिंह ने मना कर दिया। कहा नहीं हटाएंगे। इस बात पर दोनों की बहस शुरू हो गई। फिर हाथापाई हुई। गाली-गलौच और आवाज सुनकर सुरेश सिंह के परिवार के लोग हथियार लेकर पहुंच गए। पप्पू सिंह के बेटे और भाई भी मौके पर पहुंच गए। पहले दोनों पक्षों में जमकर लात-घूसे चले। इसी बीच सुरेश सिंह के घरवालों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। तीनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। करीब 20-25 राउंड फायरिंग हुई। इससे पूरे गांव दहशत फैल गई। लोग जब तक मौके पर पहुंचे आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और किसान यूनियन के लोग जुट गए थे। इन लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया था। हालांकि बाद में पुलिस ने जाम खुलवाया दिया था। भाकियू नेता पप्पू सिंह का अभय इकलौता बेटा था। उनकी पत्नी की 15 साल पहले मौत हो चुकी है। पिंकू सिंह खेती-किसानी करते थे। पप्पू सिंह की मां राम दुलारी कहती हैं- जब मैं ग्राम प्रधान बनी, तब से सुरेश सिंह से चुनावी रंजिश चल रही थी। सुरेश ने कई बार मेरे बेटे को घेरकर मार डालने की कोशिश की। 25 साल पहले सुरेश सिंह प्रधान था। उसके बाद वह हार गया। तभी से झगड़ा चल रहा था। इस बार के चुनाव में सुरेश सिंह के परिवार को हराकर मैं प्रधान बनी हूं।

### सड़क हादसे में

और उनके क्रमशः 14 व 10 वर्षीय पुत्र सहित 15 वर्षीय पुत्री की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जबकि चालक डंपर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिए। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### कांग्रेस की बैठक

पर बताया, मेरे पिता पी चिदंबरम अहमदाबाद में अत्यधिक गर्मी और पानी की कमी की वजह से बेहोश हो गए थे। वे अभी जाइडस अस्पताल में भर्ती हैं और डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं। उनकी हालत अभी सामान्य है।

### व्यापार समझौते के

तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की कोशिश की जाएगी। फरवरी में वाशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ट्रंप के बीच बातचीत के बाद, दोनों पक्षों ने 2025 के अंत तक बीटीए के पहले चरण पर बातचीत करने की घोषणा की थी। जयशंकर ने कहा, ष्मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं।

### भारत की पहचान

की आध्यात्मिक भव्यता की रीढ़ है, और इसे संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अपील की कि वे देश की एकता और विकास के लिए नौ प्रतिज्ञाएं लें। इनमें जल संरक्षण, पेड़ लगाना, स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देना, स्थानीय उत्पादों का समर्थन करना, प्राकृतिक खेती अपनाना, मोटे अनाजों का सेवन बढ़ाना, खाद्य तेल का उपयोग कम करना, गरीबों की मदद करना और खेल एवं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना शामिल था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रतिज्ञाओं को पूरा करने से देश को विकास की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अंत में यह कहा कि कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति को देशभर में एकता का संदेश फैलाना चाहिए और उन लोगों को गले लगाना चाहिए जो भारत माता की जयष् का उद्घोष करें। उनका कहना था कि यह राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का एक तरीका है।

### भौतिक, दैवीय और

कर्तव्य है। इसलिए केन्द्र सरकार द्वारा प्राकृत और पालि को क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा दिया गया। अब जैन साहित्य पर रिसर्च करना संभव होगा। केन्द्र सरकार ज्ञान भारतम् मिशन शुरू करने जा रही है। इस वर्ष के बजट में इसकी घोषणा की गई है। देश में करोड़ों पाण्डुलिपियों का सर्वे होगा। प्राचीन धरोहरों को डिजिटल करके प्राचीनता को प्राथमिकता से जोड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमारी संस्कृति में 09 का विशेष महत्व है। जैन धर्म में नवकार महामंत्र, 09 तत्व, 09 पुण्य और अन्य परम्पराओं में 09 निधि, 09 द्वार, 09 ग्रह, 09 दुर्गा, नवधा भक्ति की संकल्पना देखने को मिलती है। आज विश्व भर में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया जा रहा है। आज जहां भी लोग बैठे हैं, वह नव संकल्प लेकर जाएं। पहला संकल्प पानी बचाने का संकल्प, दूसरा संकल्प एक पे? मां के नाम, तीसरा संकल्प स्वच्छता का मिशन, चौथा संकल्प वोकल फार लोकल, पांचवा संकल्प देश दर्शन, छठा संकल्प नेचुरल फार्मिंग को अपनाना, सातवां संकल्प हेल्दी लाइ?स्टाइल को अपनाना, आठवां संकल्प योग और खेल को जीवन में लाना, नवां संकल्प गरीबों की सहायता का संकल्प है। इन 09 संकल्पों से हमें नई ऊर्जा मिलेगी। हमारी नई पीढ़ी को एक नई दिशा मिलेगी और हमारे समाज में शांति, सद्भाव और करुणा बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नवकार महामंत्र व्यवहारिक जीवन में हम सभी के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इसकी एक सरल व्याख्या प्रधानमंत्री जी ने 09 संकल्पों के रूप में हम सभी को दी है। प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए नव संकल्प वही हैं, जो 24 तीर्थंकरों ने लोक कल्याण तथा जीव मात्र के कल्याण के लिए अपने उपदेशों में दिये हैं। यह हम सभी का संकल्प बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैन तीर्थंकरों की महत्वपूर्ण भूमि है। भगवान ऋषभदेव अयोध्या के पहले राजा थे। अयोध्या में पांच तीर्थंकरों तथा काशी में चार तीर्थंकरों ने जन्म लिया था। यहीं से उन्होंने मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। जैन धर्म दुनिया के प्राचीनतम धर्मों में से एक है। इसकी हजारों वर्ष पुरानी परम्परा है। जब दुनिया के सामने कुछ भी नहीं था, केवल अन्धकार था, उस समय लोकमंगल की कामना से हमें तीर्थंकरों ने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में तीन प्रकार के दुःख-आधिदैविक, आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक दुःख पाए जाते हैं। आधिदैविक दुःख, जिन्हें हम आपदा या दैवीय प्रकोप से उत्पन्न दुःख कह सकते हैं। आधिभौतिक दुःख, जिसे मानव या किसी जीव के द्वारा उत्पन्न किया गया हो। आज इसे आतंकवाद या किसी हिंसक जीव के द्वारा दिए गए कष्ट के रूप में समझ सकते हैं। आध्यात्मिक दुःख शारीरिक और मानसिक व्याधि है। नवकार महामंत्र सभी प्रकार के दुःखों से मुक्ति का एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम माना गया है। नवकार महामंत्र को हम सभी अंगीकार करते हैं। यह महामंत्र 'णमो अरिहंताणं' से प्रारम्भ होकर आचार्य, उपाध्याय एवं सिद्धों की परम्परा को लेकर आगे ब?ा है। इसमें व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैन इण्टरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) ने इस कार्यक्रम को पूरी दुनिया में एक दिन में आयोजित करने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी ने इस आयोजन की शुरुआत की, जिसे पूरी दुनिया में लाइव प्रसारित किया गया। इतने ब? पैमाने पर लोगों का एक जगह पर एकत्र होकर नवकार महामंत्र के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना अद्भुत है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नवकार महामंत्र आत्म शुद्धि का माध्यम है। व्यक्ति जितना ही अन्तःकरण से शुद्ध होगा, उसकी आवाज में उतनी ही ताकत होगी। साधना की सिद्धि की पराकाष्ठा पर पहुंचा हुआ कोई भी साधक, जब अपनी बात कहता है, तो उसके अंतःकरण के भाव उसकी ताकत का एहसास करा देते हैं। यही कारण है कि हजारों वर्षों की विरासत के साथ जु?ते हुए नवकार मंत्र आज भी हम सभी के लिए एक नई प्रेरणा बना हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि नवकार महामंत्र को प्रधानमंत्री जी के नौ संकल्पों के साथ जो?ते हुए सभी लोग अपने जीवन में तीर्थंकरों के उपदेशों को अंगीकार करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य श्री महेन्द्र सिंह सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# सीएम योगी ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की वर्तमान दर 53 से बढ़ाकर 55 फीसदी किया

## ओपीएस से आच्छादित कार्मिकों के जीपीएफ में 129 करोड़ रुपये होंगे जमा



चर्चित राजनीति। ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राज्य कर्मचारियों के व्यापक हित के दृष्टिगत उन्हें प्राप्त होने वाले महंगाई भत्ते की वर्तमान दर 53 प्रतिशत को 1 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत किए जाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि इस निर्णय से सातवें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में वेतन आहरित करने वाले राज्य कर्मचारी, सहायता प्राप्त शिक्षण, प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारी, कार्यप्रभारित कर्मचारी एवं यूजीसी वेतनमानों में कार्यरत लगभग 16 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

महंगाई भत्ते का माह अप्रैल, 2025 के वेतन के साथ (माह मई में भुगतान) किये जाने की स्थिति में माह मई, 2025 में 107 करोड़ रुपये तथा एरियर के भुगतान पर माह मई, 2025 में 193 करोड़ रुपये का अतिरिक्त नगद व्यय भार आएगा। ओपीएस से आच्छादित कार्मिकों के जीपीएफ में 129 करोड़ रुपये जमा होंगे, तत्पश्चात माह जून, 2025 से प्रत्येक माह 107 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा। ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा सातवें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में वेतन आहरित करने वाले कार्मिकों को 1 जनवरी, 2025 से मूल वेतन का 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा अनुमन्य दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान उसी तिथि से किया जाता है, जिस तिथि से भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को अनुमन्य किया जाता है। तद्नुसार राज्य सरकार के कार्मिकों को वर्तमान में प्राप्त हो रहे महंगाई भत्ते की दर 53 प्रतिशत को 1 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत किये जाने का निर्णय लिया गया है।



### एक भारत, समरस भारत थीम पर डॉ. आंबेडकर मैराथन, सीएम योगी ने किया टी-शर्ट लॉन्च

- भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को आयोजन की जानकारी दी

**लखनऊ, चसं।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर राजधानी लखनऊ में एक अनोखा आयोजन होने जा रहा है। 'एक भारत, समरस भारत' थीम पर आधारित डॉ. आंबेडकर मैराथन का आयोजन 13 अप्रैल को सुबह 6 बजे होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास 5 कालिदास मार्ग पर मैराथन के लिए तैयार की गई विशेष टी-शर्ट का लॉन्च किया। इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला बताया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को आयोजन की जानकारी दी। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल मैराथन को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम से फ्लैग-ऑफ करेंगे। यह दौड़ अटल चौक होते हुए 1090 चौराहे तक जाएगी। इसका समापन भी होगा। मुख्य संयोजक भाजपा नेता नीरज सिंह ने बताया कि विजेताओं को कुल 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। आयोजन समिति का कहना है कि यह मैराथन सिर्फदौड़ नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है। इसका मकसद डॉ. आंबेडकर के विचारों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना और समरस भारत के निर्माण में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। भाजपा लखनऊ महानगर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलकर सामाजिक समरसता को सशक्त बनाएं।

### लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों वितरित की गयी पोषण पोटली



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ ने आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को और सशक्त किया। इस अवसर पर शोध पीठ द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार से युक्त पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के दिशानिर्देश पर की गयी है, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण और स्वास्थ्य सहायता प्रदान कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने में योगदान देना है। कार्यक्रम का आयोजन समाज कार्य विभाग के प्रो. आर. बी. एस. वर्मा सभागार में किया। जिसमें शोध पीठ के निदेशक एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा, ष्पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय सिद्धांत को अपनाते हुए हमारा कर्तव्य है कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचे। टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान करना न केवल उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में मदद करेगा, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त भी बनाएगा। हमारा यह प्रयास लखनऊ विश्वविद्यालय की सामुदायिक सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण में विश्वविद्यालय के 12 शिक्षकों ने एक पहल करते हुए विगत 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समर्पण दिवस पर निक्षय मित्र के रूप में टीबी मरीजों को पोषण युक्त आहार देने का संकल्प लिया था। उसी क्रम में आज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पोषण पोटलियों में मरीजों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ जैसे मूंगफली, सत्तू, बादाम, गुड़, भुना चना और पोषण पेय सम्मिलित है। प्रत्येक पोटली को इस तरह तैयार किया गया है कि यह मरीजों के लिए संतुलित आहार का स्रोत बने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायता करे। इस कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के शिक्षक प्रो. रुपेश कुमार, डॉ. रमेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. अन्विता वर्मा, डॉ. रण विजय सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार त्यागी, डॉ. निरंजन तिवारी, डॉ. अंजलि मिश्रा एवं डॉ. रोहित मिश्र सहित शोध छात्र और अन्य छात्र उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके सरकारी आवास पर कुलाधिपति मोहन बाबू विश्वविद्यालय एवं फिल्म निर्माता डॉ. एम. मोहन बाबू, फिल्म निर्माता एवं कलाकार प्रभु देवा और फिल्म कलाकार विष्णु मांचू ने शिष्टाचार भेंट की। : चर्चित राजनीति

### आईएएस विजय किरन आनंद को इन्वेस्ट यूपी के नये सीईओ


**लखनऊ, चसं।** आईएएस अधिकारी विजय किरन आनन्द को इन्वेस्ट यूपी की कमान सौंपी गई है।ये निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश की जगह लेंगे। विजय किरन आनन्द सीएम योगी आदित्यनाथ की खास पसन्द माने जाते हैं। पंचायतीराज विभाग में अपर निदेशक रहे आईएएस राजकुमार को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है।भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते आईएएस अभिषेक प्रकाश को सीईओ के पद से हटा दिया गया था तब से यह पद खाली था। यूपी सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लिए निवेश और अनुकूल माहौल बनाने के लिए प्रयासरत है। भ्रष्टाचार की शिकायत आने पर अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया गया। आईएएस अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विजिलेंस ने गोपनीय जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वसूली के आरोप के बाद अभिषेक प्रकाश की सभी चल-अचल संपत्तियों की जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद नियुक्ति विभाग ने गृह विभाग को पत्र लिखा था। गृह विभाग ने परीक्षण के बाद विजिलेंस को जांच शुरू करने का निर्देश दिया था। 2006 बैच के आईएएस अभिषेक प्रकाश के पूरे कार्यकाल की विजिलेंस द्वारा जांच की जाएगी। इंवेस्ट यूपी में तैनाती से पूर्व वह लखीमपुर खीरी, बरेली, हमीरपुर, लखनऊ, अलीगढ़ के डीएम रह चुके हैं।

### महिलाओं के लिए संकटमोचक है वन स्टॉप सेंटर, योगी सरकार करेगी विस्तार

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कर चल रही योगी सरकार ने वन स्टॉप सेंटर योजना का विस्तार करते हुए राज्य में 17 नई इकाइयों की स्थापना करने जा रही है।यह पहल हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता और समग्र समर्थन प्रदान करने की दिशा में योगी सरकार का महत्वपूर्ण कदम है।

यह विस्तार प्रदेश की बड़ी जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए किया गया है ताकि संकटग्रस्त महिलाओं की मदद हो सके।वन स्टॉप सेंटर योजना की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2015-16 में केंद्र सरकार की शत-प्रतिशत वित्त पोषण के तहत हुई थी। अपने शुरुआती वर्षों में यूपी में जमीन तलाश रही इस योजना को 2017 के बाद सीएम योगी के नेतृत्व में गति मिली, प्रदेश की महिला एंव बाल



विकास विभाग राज्य में प्रभावी रूप से संचालित कर रही है। इस योजना के तहत हिंसा की शिकार महिलाओं को अल्पकालिक प्रवास, चिकित्सा सहायता, परामर्श, विधिक सहायता, पुलिस सहायता जैसी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं।वर्तमान में प्रदेश के 75 जनपदों में 79 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं, जो अब तक 2.10 लाख से अधिक मामलों में महिलाओं और बालिकाओं की मदद कर चुके हैं। यह केंद्र महिलाओं के लिए श्संकटमोचकश् की भूमिका निभा रहे हैं, जो उन्हें न केवल तत्काल राहत प्रदान करते हैं, बल्कि उनके पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण में भी सहायक हैं।भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश की विशाल जनसंख्या और बढ़ती जरूरतों को देखते 17 अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की मंजूरी दी है। इनमें लखनऊ में 2, वाराणसी में 2, प्रयागराज में 2, और लखीमपुर खीरी में 2 नई इकाइयां शामिल हैं। बरेली, कानपुर नगर,गौतमबुद्धनगर, मेरठ, गोरखपुर, सहारनपुर, झांसी, आगरा, और बिजनौर में एक-एक नया केंद्र खोला जाएगा।इन केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही हैताकि जरूरतमंद महिलाओं को शीघ्र लाभ मिल सके। फरवरी से हर वन स्टॉप सेंटर पर आपातकालीन सेवाओं के लिए एक वाहन की व्यवस्था है, जो पीड़ितों तक त्वरित मदद में सहायक हो रही है।वन स्टॉप सेंटर की सफलता इसके आंकड़ों में साफदिखती है। पिछले 10 वर्षों में 2.10 लाख से अधिक मामले संदर्भित हो चुके हैं, जिसमें हजारों महिलाओं बालिकाओं को नई जिंदगी मिली है। नई इकाइयों के साथ यह संख्या और बढ़ेगी।वाहन व्यवस्था से आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा, जो महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वन स्टॉप सेंटर योजना को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी हैं।

### एसटीएफ की बदमाशों से मुठभेड़

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में एसटीएफऔर लुटेरे के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक इनामी गिरफ्तार किया गया है। विकासनगर इलाके में ज्वेलर्स के मुनीम से साढ़े छह लाख की लूट की थी। एसटीएफमामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के बाद वैभव नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले औरास उन्नाव निवासी प्रेम बहादुर सिंह (32), सोनेंद्र सिंह (28) और आजाद नगर हरदोई निवासी गौरव मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों ने लखनऊ के विकास नगर में मुनीम से 6 लाख 80 हजार की लूट की थी।

आरोपी प्रेम बहादुर सिंह ने बताया कि 2023 में वह दुकान के मालिक पंकज अग्रवाल के पास ड्राइवर का काम करता था। कुछ दिन काम करने के बाद उसने छोड़ दिया। एक महीने पहले फिर से ज्वाइन कर लिया। उसने पंकज अग्रवाल कलेक्शन के पैसे लाते देखा था। इसके अलावा मुनीम अमित सैनी भी पंकज अग्रवाल के अलग-अलग स्टोर से पैसे कलेक्ट करता था।

### बीजेपी दफ्तर में लगी भाजपा की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** बीजेपी स्थापना दिवस अभियान के तहत पार्टी के राज्य मुख्यालय पर भाजपा की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह नेआज प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से जनसंघ से प्रारम्भ राजनैतिक यात्रा विश्व के सबसे बडेघ् राजनैतिक दल के रूप में सेवा और समर्पण के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ती हुई भाजपा की यात्रा को प्रदर्शित किया गया है।



- हमारी केन्द्र व राज्य सरकारों ने पूरे किये भाजपा के स्थापना काल के संकल्प : भूपेन्द्र

कार्यकर्ता एवं जनता के अवलोकन के लिए लगी प्रदर्शनी में जनसंघ की स्थापना संगठन का संघर्ष वैचारिक प्रतिबद्धता आपातकाल की भयावहता भाजपा की स्थापना, अटलजी का प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक कार्यकाल, पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल विजय, प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षो की विकसित भारत की यात्रा, जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण से पूर्ण होती प्रतिबद्धताएं, वीआईपी कल्चर की समाप्ति, एक देश-एक राशन कार्ड सहित ऐतिहासिक निर्णयों, लोककल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन के विस्तार के साथ अमृतकाल के पंच प्रण को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देने तथा नागरिकों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का माध्यम बनी है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा की विकास यात्रा की प्रदर्शनी जिला मुख्यालयों पर भी लगाई गई है,जिनका उद्घाटन जिलों में निवास करने वाले प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों तथा विधायकों ने किया। भाजपा का स्थापना दिवस अभियान 6 अपैल से प्रारम्भ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा ने अपने स्थापना के काल से ही जो संकल्प तय किये थे। हमारी केन्द्र व राज्य की सरकारों ने उन संकल्पों को पूरा किया है। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा जनता तक पहुंची है तथा सुरक्षा के वातावरण का निर्माण हुआ है। केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही सीएए, वक्फसंशोधन बिल सहित राष्ट्र हित में कड़े और बड़े निर्णय लिए है। आज बदलता हुए भारत और बदलता हुआ उत्तर प्रदेश दुनिया को दिशा देने के लिए तैयार है।श्री चौधरी ने कहा कि प्रदर्शनी के साथ ही विधानसभाओं में सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन हो रहे है।

इसके बाद गांव, बस्ती और वार्ड चलो अभियान प्रारम्भ होगा। जिसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्य तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तथा ऐतिहासिक निर्णयों को जनता के बीच रखेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र राजनैतिक दल है जो अपने कार्यों और कार्यक्रमों को लेकर लगातार अपनी सरकार का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जाकर चर्चा करता है। भाजपा ने जो भी कहा मोदी और योगी के नेतृत्व में उसे पूरा किया। उसी का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है।

## देश-विदेश डायरी

### दक्षिण कोरिया : डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली का अध्यक्ष पद से इस्तीफा, लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**सोल, एजेंसी।** डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के नेता ली जे-म्यांग ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। वे 3 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेंगे। यह चुनाव दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटने के बाद हो रहे हैं। देश की सबसे बड़ी पार्टी को उम्मीद है कि ली गुरुवार तक राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी का ऐलान कर देंगे। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, ली को चुनाव में अग्रणी उम्मीदवार माना जा रहा है। हालांकि वे कई घोटालों के केंद्र में हैं, जिनमें सोल के दक्षिण में सेओंगनाम में भूमि विकास घोटाला भी शामिल है। 2022 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में यून से थोड़ा अंतर से हारने के बाद उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) की अध्यक्षता जीत ली थी। इससे पहलले दक्षिण कोरियाई सरकार ने मंगलवार को औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह घोषणा कैबिनेट बैठक में की गई जो कि यून महाभियोग केस में संवैधानिक न्यायालय के फैसले के चार दिन बाद हुई। न्यायालय ने यून के खिलाफमहाभियोग प्रस्ताव जारी रखा जिसका मतलब था कि उन्हें अपना पद छोड़ना होगा और नए राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे। संविधान के अनुसार, देश में राष्ट्रपति पद रिक्त होने के 60 दिनों के भीतर नए चुनाव कराना अनिवार्य है। जब पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हे को 10 मार्च, 2017 को पद से हटाया गया, तो चुनाव ठीक 60 दिन बाद, 9 मई को आयोजित किए गए। सरकार ने 3 जून को अस्थायी सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है। पिछले शुक्रवार को संवैधानिक न्यायालय के फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू कर दिया था। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, चुनाव के तुरंत बाद नए राष्ट्रपति बिना किसी ट्रांजिशन टीम के पदभार ग्रहण करेंगे। बता दें राष्ट्रपति यून ने 03 दिसंबर की रात को दक्षिण कोरिया में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन संसद द्वारा इसके खिलाफ मतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया। मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा लेकिन इसने देश की राजनीति को हिला कर रख दिया। नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफमहाभियोग प्रस्ताव पारित किया। प्रधानमंत्री हान डक-सू ने उनकी जगह ली लेकिन उनके खिलाफ भी महाभियोग पारित हुआ। इसके बाद उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री चोई सांग-मोक कार्यवाहक राष्ट्रपति और कार्यवाहक प्रधानमंत्री दोनों की जिम्मेदारी संभालने लगे। हालांकि 24 मार्च को संवैधानिक न्यायालय ने प्रधानमंत्री हान डक-सू के महाभियोग को खारिज कर दिया और उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया।

### ताइवान में भूकम्प के जोरदार झटके

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान में बुधवार सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिसके बाद राजधानी ताइपे में अफ्रा-तफ्री की स्थिति देखने को मिली। हालांकि तत्काल किसी नुकसान की खबर नहीं है। केंद्रीय मौसम प्रशासन ने भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी है। भूकंप से ताइपे में कुछ सैकंड तक इमारतों में कंपन होता रहा। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार 5 तीव्रता वाले इस भूकंप का केंद्र उत्तर पूर्व तट पर यिलान के दक्षिण-दक्षिण पूर्व में करीब 21 किलोमीटर दूर था और पृथ्वी की सतह से 69 किलोमीटर की गहराई में था। ताइवान प्रशांत महासागर के किनारे 'रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में आता है। दुनिया में सबसे अधिक भूकंप इस क्षेत्र में आते हैं।

### अमेरिका ने चीन को बताया पनामा नहर के लिए खतरा, चीनी दूतावास ने कहा-ब्लैकमेलिंग कर रहे ट्रंप

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा कि पनामा नहर को चीन से खतरा है, लेकिन अमेरिका और पनामा मिलकर नहर को सुरक्षित रखेंगे। चीन सरकार ने हेगसेथ के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, नहर के लिए वास्तविक खतरा कौन है? लोग खुद यह तय कर सकते हैं। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से मुलाकात के बाद बेलबोआ नौसैन्य अड्डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका चीन या किसी अन्य देश को नहर के संचालन को खतरे में नहीं डालने देगा।

उन्होंने कहा, ÷इसके लिए, अमेरिका और पनामा ने पिछले दशकों की तुलना में हाल के हफ्तों में अपने रक्षा व सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में काफी ज्यादा काम किया है। उन्होंने कहा, चीनी कंपनियां नहर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर अपना नियंत्रण बनाए हुए हैं। इसकी वजह से चीन को पनामा में निगरानी गतिविधियां करने का अवसर मिला है। इस कारण पनामा और अमेरिका की सुरक्षा खतरे में पड़ने की आशंका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस ओर ध्यान दिलाया है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है।

हेगसेथ और मुलिनो की मुलाकात के बाद पनामा में स्थित चीनी दूतावास ने अमेरिकी सरकार पर निशाना साधते हुए 'एक्स पर एक बयान में कहा कि अमेरिका ने अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए ब्लैकमेलिंग का इस्तेमाल किया है। दूतावास ने कहा, पनामा किसके साथ व्यापार करता है, यह पनामा का संप्रभु निर्णय है और इसमें हस्तक्षेप करने का अमेरिका को अधिकार नहीं है। दूतावास ने कहा, अमेरिका ने चीनी-पनामा सहयोग को नुकसान पहुंचाने के प्रयास के तहत सैद्धांतिक चीनी खतरे के बारे में सनसनीखेज अभियान चलाया है, जो पूरी तरह से अमेरिका के अपने भू-राजनीतिक हितों में निहित है।

